उज्जैन
शनिवार
17
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-76
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



पंजाबी एक्ट्रेस मैंडी ठक्कर ने पति से तलाक लिया दिल्ली की फैमिली कोर्ट ने अर्जी मंजूर की 2024 में चंडीगढ़ में की थी शादी



# विराट कोहली और कुलदीप यादव भगवान महाकाल की शरण में

## भस्म आरती में शामिल हुए, त्रिपुण्ड लगाकर महाकाल का जाप करते नजर आए विराट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारत-न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में खेले जाने वाले मैच से पहले भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और कुलदीप यादव उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। दोनों ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

रविवार को होने वाले मैच से पहले विराट कोहली और कुलदीप यादव करीब चार बजे भस्म आरती के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे। करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर आरती देखी। इस दौरान दोनों भगवान महाकाल का जाप करते नजर आए। विराट ने मस्तक पर चन्दन का त्रिपुण्ड लगा रखा था।

भस्म आरती के पश्चात दोनों ने नंदी जी का पूजन अर्चन कर भगवान महाकाल के देहरी से दर्शन किए। इससे पहले भी विराट और कुलदीप महाकाल मंदिर में दर्शन करने और भगवान का आशीर्वाद लेने आ चुके है। विराट और कुलदीप ने जल अर्पित कर भगवान का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर महाकाल मंदिर समिति की ओर से दोनों का सम्मान किया गया। भारत-न्यूजीलैंड के होने वाले मैच से पहले टीम इंडिया इंदौर पहुंची हुई है। दो दिनों में सबसे पहले टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर, फिर केएल राहुल और शनिवार को विराट कोहली और कुलदीप यादव महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। कुलदीप यादव ने कहा की महाकाल मंदिर आकर बहुत अच्छा लगा, क्रिकेट के साथ-साथ अपनी लाइफ में भी अच्छा करते रहे, भगवान महाकाल का आशीर्वाद सब पर बना रहे बस यही मांगा है।

# कश्मीर-हिमाचल में बर्फबारी

## यूपी के 53 शहरों में घना कोहरा, विजिबिलिटी जीरो



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कश्मीर से हिमाचल प्रदेश तक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। जिससे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड समेत 12 राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।

यूपी के 53 शहरों में घना कोहरा छाया है। कानपुर, गोरखपुर और वाराणसी में विजिबिलिटी जीरो हो गई है। सर्दी के चलते नोएडा, ग्रेटर नोएडा, सहारनपुर, बदायूं और संभल में 8वीं तक के स्कूल बंद हैं। अमृतसर में भी सुबह 7 बजे तक कोहरे के कारण दृश्यता जीरो रही। दिल्ली में भी घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम हो गई। इधर, मध्य प्रदेश के मंदसौर में पारा 2.5 डिग्री, हरियाणा के भिवानी में 1.5 डिग्री और पंजाब में नवांशहर का तापमान 0.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी नाले जम चुके हैं। कई जगह पाइपलाइनों में पानी जम गया है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि पुलवामा में यह माइनस 4.6 डिग्री तक गिर गया।

## स्टील किंग लक्ष्मी मित्तल के पिता का निधन, पीएम मोदी ने शोक जताया



**नई दिल्ली।** दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्टील कंपनी आर्सेलर मित्तल के मालिक लक्ष्मी मित्तल के पिता मोहनलाल मित्तल का निधन हो गया है। वे 99 साल के थे। उन्होंने लंदन में अपने परिवार के बीच अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्योगपति मोहनलाल मित्तल के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने मित्तल की उद्योग जगत में विशिष्टता और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके उत्साह की सराहना की। मोदी ने कहा कि मित्तल ने समाज की प्रगति के लिए कई परोपकारी कार्य किए। उनके निधन से वह दुखी हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

## ईरान में जारी हिंसा के बीच भारतीय नागरिक दिल्ली लौटे

**नई दिल्ली।** ईरान में तेजी से बदलते हालात के बीच वहां फंसे कई भारतीय नागरिक सुरक्षित भारत लौट आए हैं। शुक्रवार की देर रात को ईरान से दिल्ली पहुंचे इन नागरिकों में ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। ईरान में इस समय करीब 10 हजार भारतीय नागरिक मौजूद हैं, जिनमें छात्र, कारोबारी और पेशेवर शामिल हैं। इसमें से 2500-3000 स्टूडेंट हैं, जो मेडिकल की पढ़ाई के लिए वहां गए थे। ईरान से लौटे एक भारतीय नागरिक ने कहा- वहां हालात खराब हैं। भारत सरकार बहुत सहयोग कर रही है, और एम्बेसी ने हमें जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की जानकारी दी है। मोदी हैं तो हर चीज मुमकिन है। मेडिकल स्टूडेंट अर्श दहरा ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था लेकिन वह दिल्ली निजी फ्लाइट से अपनी व्यवस्था से आई हैं।

## कोई देश टैरिफ लगाता रहे, भारत आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलेगा



**छत्रपति संभाजीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी (लोकल) सामान के इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि जहां तक हो सके, देश में बना हुआ सामान ही खरीदें। अगर कोई चीज भारत में नहीं बन सकती, तभी उसे बाहर से मंगाना चाहिए। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक हिंदू सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत इंटरनेशनल ट्रेड कर रहा है, लेकिन किसी देश के दबाव में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई देश टैरिफ लगाए या दबाव बनाए, भारत ने आत्मनिर्भर बनने का रास्ता चुन लिया है और उसी पर चलना चाहिए।

## झांसी में सगाई के बाद बीएसएफ जवान की मौत

**झांसी।** झांसी में सड़क हादसे में बीएसएफ जवान समेत 2 की मौत हो गई। जबकि एक युवक की हालत गंभीर है। बीएसएफ जवान की सगाई हो चुकी थी, 2 महीने बाद शादी थी। इसकी तैयारियों को लेकर वह छुट्टी पर आया था।गुरुवार शाम जवान बाइक से खेत से घर लौट रहा था। तभी सामने से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में जवान समेत 3 लोग गंभीर घायल हो गए। उसी समय वहां से गुजर रहे भाजपा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने उन्हें गुरसराय सीएचसी पहुंचाया। वहां से उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार दोपहर जवान और एक युवक ने दम तोड़ दिया। हादसा गुरसराय थाना क्षेत्र के बंका पहाड़ी गांव के पास हुआ है।

## मस्क के बच्चे की मां ने ग्रोक पर केस किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

टेस्ला और (पहले ट्विटर) के मालिक इलॉन मस्क के बच्चों में से एक की मां एश्ले सेंट क्लेयर ने एक्स एआई कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उनका आरोप कि एक्स एआई के चैटबॉट ग्रोक ने यूजर्स को उनकी आपत्तिजनक डीपफेक फोटो बनाने की परमिशन दी, जिससे उन्हें मानसिक पीड़ा और बदनामी झेलनी पड़ी। राइटर और पॉलिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट 27 साल की एश्ले सेंट क्लेयर ने गुरुवार को न्यूयॉर्क सिटी की स्टेट सुप्रीम कोर्ट में यह मुकदमा दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला। इसमें उन्हें बिकिनी पहने दिखाया गया। इसके अलावा कुछ दूसरी फोटो में उन्हें एक एडल्ट महिला के रूप में सेक्सुअल पोजिशन में और यहां तक कि स्वस्तिक छपी बिकिनी पहने दिखाया गया।

## कांग्रेस का आरोप- भारत ने चाबहार पोर्ट से कंट्रोल छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

**ट्रम्प के दबाव में 1100 करोड़ बर्बाद किए विदेश मंत्रालय का इनकार**

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प के दबाव पर ईरान के चाबहार पोर्ट से कंट्रोल छोड़ दिया है। पार्टी ने एक्स पर लिखा- मोदी सरकार ने चाबहार प्रोजेक्ट में देश की जनता के 120 मिलियन डॉलर (करीब 1100 करोड़ रुपए) लगाए थे। अब ये बर्बाद हो चुके हैं।

कांग्रेस के इस आरोप को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि ईरान के चाबहार पोर्ट से जुड़ी योजनाएं जारी हैं। इन्हें आगे बढ़ाने के लिए भारत, अमेरिका से बातचीत कर रहा है। अमेरिका ने भारत को ईरान पर लगे प्रतिबंधों के बावजूद चाबहार पोर्ट से जुड़े काम जारी रखने के लिए एक खास सैंक्शन की छूट दी है, जिसकी अवधि 26 अप्रैल 2026 को खत्म हो रही है। अमेरिकी सरकार ने पिछले साल 29 सितंबर को चाबहार पोर्ट के लिए 2018 में दी गई छूट वापस ले ली थी। यह छूट इसलिए दी गई थी ताकि ईरान पर प्रतिबंध होने के बावजूद भारत चाबहार पोर्ट पर काम कर सके।

## ट्रम्प की ग्रीनलैंड को लेकर दूसरे देशों को खुली धमकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं, दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे।

ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, ट्रम्प ने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट इजराइल के आयरन डोम से प्रेरित है।

# परियोजना के तहत 18 आवासीय ब्लॉकों का निर्माण

## सार्वजनिक उपयोग की संरचनाएं तथा 1,000 कार और 15 बसों की पार्किंग व्यवस्था भी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महाकाल में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 3 हजार कमरों वाला भक्त निवास का निर्माण किया जाएगा।

इसकी लागत करीब 672 करोड़ रुपए है और यह 18.65 एकड़ भूमि पर विकसित की जाएगी। भक्त निवास परिसर होर फाटक ब्रिज के समीप यूनिटी मॉल के सामने और महाकालेश्वर मंदिर से 10 मिनट की दूरी पर है। परियोजना के तहत 18 आवासीय ब्लॉकों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें करीब 3,000 कक्षों की सुविधा होगी। इसमें भोजनालय, व्यावसायिक सुविधाएं, प्रशासनिक भवन, सार्वजनिक उपयोग की संरचनाएं तथा 1,000 कार और 15 बसों की पार्किंग व्यवस्था भी विकसित की जाएगी।

भूमि पर प्रस्तावित प्लान के अनुसार कुल 16 ब्लॉक बनाए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक 6 मंजिला होकर लगभग 112 कमरों का होगा।

- भक्त निवास में दर्शनार्थी, स्टाफ के लिए पार्किंग, हेल्प सेन्टर, चार्जिंग यूनिट के साथ ई-स्टेशन, ई- वाहन स्टैंड भी बनेगा। ई- वाहन दर्शनार्थियों को भक्त निवास से श्री महाकालेश्वर मंदिर तक निःशुल्क लाने व ले जाने का कार्य करेगी।
- महाकालेश्वर भक्त निवास वर्ष 2028 में शहर में होने वाले सिंहस्थ मेले के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए बनाया जा रहा है। श्री महाकालेश्वर भक्त निवास के अंतर्गत बेसिक डवलपमेन्ट, रोड, प्लॉट इत्यादि पर होने वाले व्यय का वहन श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति एवं संस्थाओं के सीएसआर फण्ड व दानदाताओं के माध्यम से किया जाएगा।




## खबर एक नजर...

### बांग्लादेश में कत्लेआम के विरोध में कैंडल मार्च

**उज्जैन।** बांग्लादेश में हो रहे मानवता के कत्लेआम के विरोध में सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा शहीद पार्क से कैंडल मार्च निकाला गया। कट्टरपंथियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा की। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबीद अली मीर ने बताया कि संस्था द्वारा बांग्लादेश में निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध में शहीद पार्क पर से कैंडल मार्च निकाला गया एवं दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। सैयद उस्मान हसन एवं धर्मेंद्र राठौर ने बताया कैंडल मार्च में डॉ. शकील अंसारी, अनुदीप गंगवार, जहीर नागोरी, सादिक मंसूरी, बाबर खान, इरफान खान, सद्दाम हुसैन आदि उपस्थित थे। जानकारी चेतन ठक्कर ने दी।

### दस दिन में दूसरी बार रात का पारा 8 डिग्री के नीचे

**उज्जैन।** मकर संक्रांति के बाद सर्दी फिर असर दिखाने लगी है। दिन में तेज धूप निकल रही है। मध्य रात्रि और अलसुबह कोहरा छाया रहता है। यही कारण है दस दिन में दूसरी बार रात का पारा 8 डिग्री के नीचे पहुंच गया। इसके पहले 6 जनवरी को यह 7.8 डिग्री पर पहुंचा था। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री रहा जो गुरुवार के अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री से 0.8 डिग्री ज्यादा है। इसी तरह न्यूनतम तापमान को देखें तो यह 7.5 डिग्री रहा जो कि गुरुवार के न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से 1.5 डिग्री कम है। आर्द्रता सुबह 87 फीसदी और शाम को 41 फीसदी रही। हवा की रफ्तार सुबह शून्य और शाम को चार किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग भोपाल ने 19 जनवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान लगाया है।

### हिंदू सम्मेलन में आज 30 गांवों के लोग जुटेंगे

**उज्जैन।** ग्राम पंचायत खाचरोद में शनिवार को हिंदू सम्मेलन और समरस भोज का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सिद्दीकगंज रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास होगा। सुबह 10 बजे बिजली कंपनी के पास स्थित हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी। यह यात्रा पूरे गांव में घूमेगी। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी।सम्मेलन में राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत तरुण मुरारी बापू कथा वाचन करेंगे। आयोजन में आसपास के 30 गांवों से हिंदू समाज के लोग शामिल होंगे। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन बाबा साहब को सौंपा

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण कर कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया। मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में प्रदेश के 55 जिलों में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 15 सूत्री लंबित मांगों के समर्थन में स्पीड पोस्ट के द्वारा ज्ञापन दिया गया। डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण कर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर प्रेमचंद नहार, दशरथ सीहोते, मुकेश रायकवार, विष्णु प्रसाद गोसर, धर्मेंद्र परमार, सुनील खत्री, गुलशन मंसूरी आदि मौजूद रहे। यह जानकारी रवि चौहान ने दी।

### 30 स्लीपर बस के फिटनेस निरस्त, 10 के परमिट सस्पेंड

**उज्जैन।** चैकिंग अभियान और परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर से प्राप्त निदेर्शों के चलते आरटीओ संतोषकुमार मालवीय के नेतृत्व में स्लीपर बस की जांच के लिए चैकिंग अभियान चलाया गया। कार्यालयीन स्टाफ नरेंद्र ढडेरवाल ने अमले के साथ 189 स्लीपर बस की जांच की। कई बस में बस बॉडी निमार्ता द्वारा बस बॉडी कोड कंडक्ट के निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने और बस बॉडी का निर्माण मोटरयान अधिनियम के विपरीत करने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत 30 स्लीपर बसों के फिटनेस निरस्त किए गए। वहीं 10 स्लीपर बसों के पंजीयन निलंबन के अलावा 10 अन्य बस के परमिट निलंबन की कार्रवाई की गई। स्लीपर बस की जांच करते हुए आरटीओ मालवीय।

---

### महाकाल मंदिर गर्भगृह प्रवेश विवाद गहराया

# अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष की मांग पर पुजारी संगठनों का विरोध, पद को लेकर उठाए सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर साधु-संतों और पुजारियों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज द्वारा पुजारियों और उनके प्रतिनिधियों के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाने की मांग के बाद अब महाकाल विद्वत परिषद और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज पुजारियों के समर्थन में सामने आ गए हैं। दोनों संगठनों ने पत्र जारी कर न सिर्फ पुजारियों का पक्ष रखा है, बल्कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।



दो दिन पहले अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर प्रशासक को पत्र लिखकर मांग की थी कि महाकाल मंदिर में नियुक्त पुजारियों के प्रतिनिधियों की संख्या की लिखित जानकारी अखाड़ा परिषद को दी जाए। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा नियुक्त मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा को छोड़कर अन्य सभी पुजारियों और उनके प्रतिनिधियों के गर्भगृह में प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की थी। उनका तर्क था कि बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के प्रवेश से गर्भगृह की मयार्दा भंग होती है और अव्यवस्था फैलती है।

इस पत्र के सामने आने के बाद महाकाल विद्वत परिषद और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने भी संयुक्त रूप से पत्र जारी कर तीखी प्रतिक्रिया दी है। संगठनों ने कहा कि महाकाल मंदिर के नियम मंदिर समिति द्वारा बनाए गए हैं और मंदिर की पवित्रता, ड्रेस कोड तथा गर्भगृह में ले जाने वाली वस्तुओं से जुड़ी परंपराएं प्राचीन और स्थापित हैं। इन नियमों का पालन देश का आम व्यक्ति ही नहीं, बल्कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी करते हैं, तो साधु-संतों को इन नियमों के पालन से अलग क्यों रखा जाए।

#### अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद पर सवाल

महाकाल विद्वत परिषद ने अपने पत्र में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर भी सवाल उठाए हैं। परिषद ने पूछा है कि क्या केंद्र या राज्य सरकार ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष होने का कोई प्रमाण पत्र रविंद्र पुरी महाराज को दिया है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि सरकार और प्रशासन यह जांच करें कि अखाड़ा परिषद में कितने अखाड़ों का समर्थन वास्तव में उन्हें प्राप्त है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तीन अखाड़ों (रामादल) को परिषद से बाहर किए जाने के बाद अखाड़ा परिषद अधूरी हो गई है। यदि रामादल की तीनों इकाइयों और 500 खालसा ने मिलकर अलग अखाड़ा परिषद बना ली, तो उस स्थिति में क्या होगा, यह सवाल भी संगठनों ने उठाया है।

---


### उज्जैन में श्री महाकाल महोत्सव का दूसरा दिन

## जनजातीय लोककलाओं की बिखरी छटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित हो रहे पांच दिवसीय श्री महाकाल महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को जनजातीय लोककलाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भव्य छटा देखने को मिली। महोत्सव का उद्देश्य मध्यप्रदेश की समृद्ध जनजातीय परंपराओं, लोकनृत्यों और सांस्कृतिक विरासत को मंच प्रदान करना है।

यह महोत्सव मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अधिष्ठान वीर भारत न्यास तथा श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति उज्जैन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। दूसरे दिन जनजातीय नृत्य, लोककलाएं, कलायात्रा और संगीतमय प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं।



कार्यक्रम की शुरूआत डिंडोरी के अशोक कुमार मार्को और उनके साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गोंड जनजातीय गुदुमबाजा से हुई। इसके बाद डिंडोरी के दयाराम और उनके दल ने बैगा जनजातीय कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

सागर के मनीष यादव और उनके साथियों ने बरेदी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं धार के मनीष सिसोदिया और उनके दल ने भील जनजातीय भगोरिया नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति देकर माहौल को उत्सवमय बना दिया। महोत्सव के दौरान उज्जैन के मुकेश शास्त्री और उनके साथियों ने कलायात्रा निकाली। डमरू वादन दल की विशेष भागीदारी वाली यह कलायात्रा रामघाट से प्रारंभ होकर हरसिद्धि पाल और बड़ा गणेश होते हुए श्री महाकाल महालोक तक पहुंची। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-डमरू की गूंज और लोककलाओं की झलक ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

---

## अभिनेता दिलीप जोशी ने किए महाकाल के दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

टीवी धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जेठालाल का किरदार निभाने वाले अभिनेता दिलीप जोशी ने शुक्रवार को महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

दर्शन के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से दिलीप जोशी का पारंपरिक स्वागत और सम्मान किया गया। मंदिर परिसर में उनकी उपस्थिति से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

अभिनेता दिलीप जोशी ने कहा कि महाकाल लोक बनने के बाद यह मेरी पहली यात्रा है। इससे पहले मैं दो-तीन बार बाबा महाकाल के दर्शन कर चुका हूं और एक बार भस्म आरती में भी शामिल हुआ था। आज पूरा परिसर बदला हुआ नजर आ रहा है। यहां



आकर बहुत आनंद और अद्भुत शांति का अनुभव होता है। उन्होंने आगे कहा, हम ब्राह्मणों के लिए भगवान महाकाल आदि देव हैं। उनके दर्शन जितनी बार किए जाएं उतने ही कम हैं। जब बाबा का बुलावा आता है, तब स्वयं यहां पहुंचने का सौभाग्य मिलता है। आज दर्शन पाकर मन अत्यंत प्रसन्न है। अभिनेता ने यह भी बताया कि वे भविष्य में अपने परिवार के साथ पुनः बाबा महाकाल के दर्शन करने अवश्य आएंगे। इससे पहले क्रिकेटर केएल राहुल और गौतम गंभीर भी महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर दर्शन कर चुके हैं।

---

# सांदीपनि चौराहा और उदयन मार्ग चौड़ीकरण का विरोध

### रहवासियों-व्यापारियों ने लक्ष्मीनगर चौराहे पर किया प्रदर्शन, दुकानें रखीं बंद, कहा-काम नहीं रोका तो चक्काजाम करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर में चल रहे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों के बीच सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग (विक्रम मार्ग) तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में शुक्रवार को रहवासी और व्यापारी सड़क पर उतर आए। लक्ष्मी नगर चौराहे पर मंच लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया, जहां जमकर नारेबाजी हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल रहे।




नगर निगम द्वारा मार्ग की मार्किंग किए जाने के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। विरोध के तहत क्षेत्र की अधिकांश दुकानों को बंद रखा गया और प्रतिष्ठानों पर सड़क चौड़ीकरण के विरोध में पोस्टर लगाए गए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बिना उचित संवाद और सर्वे के ही कार्रवाई की जा रही है, जिससे रहवासियों और व्यापारियों में असमंजस और भय का माहौल बन गया है।


**26 मकान, 16 मंदिर होंगे प्रभावित-** निगम के प्रस्ताव के अनुसार सड़क चौड़ीकरण से करीब 26 मकान प्रभावित होंगे, जिनके सामने का लगभग 13 फीट हिस्सा हटाया जा सकता है। साथ ही मार्ग पर स्थित करीब 16 मंदिर भी इसकी जद में आ रहे हैं, जिनके विस्थापन के लिए नगर निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था की बात कही है। निगम के अनुसार जनवरी के अंत या फरवरी की शुरूआत में सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू हो सकता है।

**रहवासियों ने दी चक्काजाम की चेतावनी-** प्रदर्शन कर रहे रहवासी दिनेश पाटीदार ने कहा कि सड़क पहले से ही काफी चौड़ी है और यहां सिंहस्थ जैसी भीड़ भी नहीं होती, ऐसे में सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता समझ से परे है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आगे चक्काजाम किया जाएगा। वहीं व्यापारी प्रवीण जैन ने आरोप लगाया कि अब तक कोई विधिवत सर्वे नहीं हुआ है और अधिकारी बार-बार आकर गलत तरीके से नपती कर मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस मार्ग को चौड़ा करने की कोई वास्तविक जरूरत नहीं है।

**प्रभावित लोगों से संवाद करें अधिकारी-** रहवासियों और व्यापारियों ने नगर निगम से मांग की है कि चौड़ीकरण के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और प्रभावित लोगों से संवाद कर उचित समाधान निकाला जाए।

उज्जैन
शनिवार
17
जनवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### ट्रक में जा घुसी कार, एयर बैग खुलने के बाद भी ड्राइवर की मौके पर मौत

**इंदौर।** इंदौर-देवास बायपास पर शनिवार तड़के तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रक में जा घुसी, जिससे कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा लसूडिया क्षेत्र में शेरेटन होटल के सामने हुआ। जानकारी के मुताबिक कार तेज रफ्तार में थी और आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के एयरबैग खुलने के बावजूद चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही लसूडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सड़क से हटाया गया, जिससे यातायात बहाल हो सका। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### इंदौर में 32 साल की महिला ने किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर के गांधी नगर इलाके में एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। दोपहर में पति ने कमरे में उसे फंदे पर लटके देखा। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। महिला का मायका देवास में है। उन्हें सूचना दे दी गई है। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर उन्हें सूचना मिली थी कि सुपर कॉरिडोर में रहने वाली मुस्कान (32), पति अश्विन प्रजापति ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय वह अपने दो साल के बेटे के साथ कमरे में थी। दोपहर में बेटे को सुलाने के बाद उसने यह कदम उठाया। पति अश्विन ने पुलिस को जानकारी दी। अश्विन और मुस्कान की शादी को करीब चार साल हुए हैं। अश्विन इलाके में ही एक कैफे संचालित करता है। बताया जाता है कि मुस्कान की सास सुबह घर से झगड़ा करने के बाद किसी रिश्तेदार के यहां चली गई थी। मायके पक्ष से मामी सीमा ने बताया कि आए दिन पति अश्विन और सास सुनीता उसे किसी न किसी बात को लेकर परेशान करते थे। गुरुवार को मुस्कान अपने ससुराल आई थी। उसने पहले अपनी मां से इंदौर ससुराल आने की बात से इनकार किया था, लेकिन परिवार के लोगों ने उसे समझाकर भेज दिया था। इसके बाद सुबह मां ने देवास से बेटी मुस्कान को कॉल किया। उसने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने जमाई अश्विन को कॉल किया। जब वह घर पहुंचा तो पत्नी फंदे पर थी। मुस्कान के परिवार में उसके दो भाई हैं, वहीं पिता नगर निगम में नौकरी करते हैं। पुलिस के मुताबिक, अभी मुस्कान के माता-पिता के बयान नहीं हो पाए हैं। मामले में जांच की जा रही है।

### इंदौर में युवक की सड़क हादसे में मौत, अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

**इंदौर।** इंदौर के देवगुराड़िया क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक रात में ड्यूटी खत्म होने के बाद बाइक से अपने ससुराल जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कनाड़िया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक हादसा गुरुवार रात करीब 9:30 बजे ग्राम बुराड़ाखेड़ी के पास हुआ। मृतक की पहचान मनीष गोयल (40) पिता मनोज गोयल निवासी दादरा मुंडला ग्राम देवगुराड़िया के रूप में हुई है। मनीष अपनी बाइक से इंदौर से ससुराल ग्राम केमाना की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मनीष सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा रहा। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे देखा और उसके मोबाइल से उसके साले को घटना की सूचना दी।

### इंदौर नगर निगम की मेयर इन कौंसिल बैठक में एक साथ ऐसे फैसले लिए गए, 1530 करोड़ का लोन

# 8 हजार पीएम आवास और 60 करोड़ के काम

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



इंदौर नगर निगम की मेयर इन कौंसिल बैठक में एक साथ ऐसे फैसले लिए गए, जो आने वाले वर्षों में शहर की तस्वीर बदलने वाले हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई बैठक में 1530 करोड़ रुपए का लोन, 8 हजार प्रधानमंत्री आवास, 60 करोड़ से अधिक के विकास कार्य, सड़क, सीवरेज, जलप्रदाय, सौंदर्यीकरण और विज्ञापन नीति से जुड़े अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के प्रथम चरण में करीब 8 हजार आवासीय इकाइयों के निर्माण के लिए डीपीआर शासन को भेजने की स्वीकृति दी गई। इससे आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्ग के हजारों परिवारों को सीधे लाभ मिलेगा।

एमआईसी बैठक में जेंट्री, ओवरब्रिज और लॉलीपॉप पर विज्ञापन अधिकार देने की स्वीकृति दी गई, जिससे निगम की आय में इजाफा होगा। न्यायालय के निर्देशों के पालन में स्ट्रीट डॉग के संरक्षण और पालन-पोषण के लिए योजना तैयार करने और इसके लिए एनजीओ व पशुप्रेमी संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करने का निर्णय भी लिया गया।

निरंजनपुर चौराहा से राजीव गांधी चौराहा तक बीआरटीएस कॉरिडोर पर आरसीसी मीडियन सेंट्रल डिवाइडर बनाए जाने को भी स्वीकृति दी गई।

**जल संकट और सीवरेज सुधार के लिए 1530 करोड़ का कर्ज-** शहर की जलप्रदाय और सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम द्वारा 1530 करोड़ रुपए का ऋण लेने का बड़ा निर्णय लिया गया। यह राशि शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई मजबूती देने में खर्च की जाएगी।

एमआईसी बैठक में सड़क, कॉलोनी, ड्रेनेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े 60 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई।


#### 11 करोड़ से सड़कों का मेकओवर

शहर को चार हिस्सों में बांटकर लगभग 11 करोड़ रुपए की लागत से कॉलोनियों से मुख्य सड़कों तक संपर्क मार्ग, कॉलोनी की आंतरिक सड़कें, जोन स्तर पर क्षतिग्रस्त मार्गों पर डामरीकरण, पेंचवर्क और रिसर्फेसिंग कराई जाएगी। पर्यावरण और शहर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए लिंबोदी तालाब के विकास और जीर्णोद्धार के लिए 5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। महापौर पास योजना के तहत विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को दी जा रही बस पास छूट की प्रतिपूर्ति के लिए 3 करोड़ रुपए की राशि देने का निर्णय लिया गया। शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर स्थित रोटरी, जेब्रा लाइन, डिवाइडर, फुटपाथ और ग्रीन बेल्ट पर पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्यों को भी मंजूरी मिली।

### इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 24 मौतें, 16 मरीज अभी भी अस्पताल में भर्ती

# मेयर-पार्षद ने पिया नल का पानी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



इंदौर के भागीरथपुरा दूषित पानी कांड में अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। आईसीयू में एडमिट 6 मरीजों में से 1 को वार्ड में रेफर किया गया है, जबकि तीन मरीज लंबे समय से वेंटिलेटर पर ही हैं। वार्ड में 11 मरीज एडमिट हैं। इनके सहित अभी 16 मरीजों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। शुक्रवार को डायरिया के तीन मरीज आए, जिन्हें अस्पताल रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ी।

शुक्रवार को मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने भागीरथपुरा क्षेत्र में जलप्रदाय की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान नर्मदा जलप्रदाय के दौरान नल से ग्लास में पानी भरकर स्वयं पीकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। उनके साथ क्षेत्रीय पार्षद कमल वाघेला ने भी पानी पीकर लोगों को विश्वास हासिल करने का प्रयास किया।

इस दौरान मेयर ने कहा कि नगर निगम, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में विगत दिनों से लगातार राहत एवं सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। इनमें क्षेत्र के नागरिकों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में जलप्रदाय कर लगातार जल के सैंपल लिए गए। इस दौरान सभी आवश्यक जांच और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई।

सभी जांचों में जल सुरक्षित पाए जाने के बाद शुक्रवार को भागीरथपुरा क्षेत्र के लगभग 30% हिस्से में, जिसमें लगभग 15 हजार की आबादी है, नर्मदा जलप्रदाय को पुनः प्रारंभ किया गया है। मेयर ने भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि जलप्रदाय प्रारम्भ होने के बाद भी सावधानी के तौर पर पानी को उबालकर ही उपयोग में लें।

साथ ही नगर निगम, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या या असुविधा उत्पन्न होती है तो लोग तत्काल नगर निगम या जिला प्रशासन को सूचित करें, ताकि समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके।

# इनकम टैक्स का बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर छापा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में इनकम टैक्स विभाग ने सड़क निर्माण करने वाली कंपनी बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ठिकानों पर छापा मारा है। कंपनी के सपनाझसंगीता रोड स्थित कार्यालय और कंपनी के डायरेक्टर के घर पर सर्वे चल रहा है।

शुक्रवार अलसुबह इनकम टैक्स की टीमें इन ठिकानों पर पहुंचीं और कार्रवाई शुरू की। इस दौरान दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की विशेष रूप से जांच की जा रही है।

बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इंदौर की एक प्रमुख निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। कंपनी की स्थापना 1986 में हुई थी। 2005 में यह प्राइवेट लिमिटेड बनी और बाद में पब्लिक लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित हुई। यह कंपनी सड़क, राजमार्ग, पुल और इमारतों के निर्माण के साथ-साथ आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) की आपूर्ति, टोल कलेक्शन और इंदौर में बीआरजी हिल व्यू जैसे आवासीय प्रोजेक्ट्स का संचालन करती है। इसके अलावा कंपनी देशभर में अलग-अलग इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सक्रिय है। इनकम टैक्स विभाग को कंपनी के कामकाज, बड़े पैमाने पर लेन-देन और टैक्स में गड़बड़ी से संबंधित सूचनाएं मिली थीं। इसी के आधार पर शुक्रवार सुबह सर्वे की कार्रवाई शुरू की गई। फिलहाल कार्रवाई जारी है।

# इंदौर में बिल्डर को नशा सप्लाई करने वाला पकड़ाया

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



**युवतियों के साथ मिलकर करता था तस्करी 15 ग्राम एमडी ड्रग जब्त**

इंदौर की कनाडिया पुलिस ने पिछले शनिवार को भोपाल के बिल्डर अवाक को पकड़ा था। उसने बाबा का नाम कबूला था। जिसे पुलिस ने दो युवतियों के साथ पकड़ा है। आरोपियों से एमडी ड्रग जब्त हुई है। आरोपी नए लड़कों को फंसाकर उन्हें एमडी ड्रग की आदत डालते थे।

एसीपी अमरेंद्र सिंह की टीम ने वैभव उर्फ अरुण उर्फ बाबा शर्मा, निवासी महालक्ष्मी नगर और उसके साथ कार में बैठी दो युवतियों रिशु झा और अलीशा मसीह को शुक्रवार को पकड़ा। आरोपियों के पास से करीब 15 ग्राम एमडी ड्रग मिली है।

रिशु झा उर्फ नेहा, पुत्री अजय झा ने बताया कि वह मूलतः अंधेरी ईस्ट, मुंबई की रहने वाली है और आरोपी बाबा के साथ बड़े-बड़े क्लब और बार की पार्टियों में जाकर अवैध एमडी ड्रग्स की सप्लाई करती है। इसके अलावा आरोपी अलीशा मसीह उर्फ जैनी, पुत्री अनिल मसीह, रतलाम जिले की रहने वाली है।

**गोवा के पार्टियों के साथ मेट्रो शहर जुड़े हैं तार-** बाबा शर्मा के तार गोवा के कई क्लब पार्टियों के अलावा अन्य प्रदेशों से भी जुड़े होने की बात सामने आई है। क्लबों में वह युवतियों की सहायता से आसानी से एमडी ड्रग्स सप्लाई करता है। बाबा किन लोगों से यह नशा लेता था, इसकी जानकारी निकाली जा रही है।

## खबर एक नजर...

### दूसरी बार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर गफ्फार पटेल का अभिनंदन

**उज्जैन।** ग्राम पंचायत दताना के पूर्व सरपंच एवं कांग्रेस नेता गफ्फार पटेल को दूसरी बार ताजपुर-नरवल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ समाजसेवी, सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद मध्य प्रदेश के प्रदेश महासचिव रमेशचन्द्र सूर्यवंशी (दताना) ने गफ्फार पटेल को साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में भेरूलाल प्रजापति, हीरालाल चौधरी, सुरेश सोनी, शौकत खान, रजाक पटेल, असलम पटेल, यशराज बामनिया, आर्यन बाघेला सहित अन्य उपस्थितजनों ने भी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### 18 जनवरी को दिखाई जाएगी मराठी फिल्म क्रांतिज्योती विद्यालय मराठी माध्यम

**उज्जैन।** स्वर संवाद द्वारा अजिंक्य योद्धा श्रीमंत बाजीराव पेशवा पर्व 2025-26 के पंचम पुष्प के रूप में मराठी फिल्म क्रांतिज्योती विद्यालय मराठी माध्यम का आयोजन किया जा रहा है। मराठी विद्यालयों की दिन-ब-दिन घटती संख्या और मातृभाषा में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने वाली इस फिल्म के लेखक एवं निर्देशक हेमंत ढोमे हैं जो हमेशा अपने ह्लअपने घर जैसेह्ल विषयों से दर्शकों को आकर्षित करते रहे हैं और इस बार वे हमें सीधे स्कूल की यादों की गलियों में ले जाने वाले हैं। यह फिल्म मराठी विद्यालयों के अस्तित्व के संघर्ष पर प्रकाश डालती है कि कैसे जब एक मराठी स्कूल बंद होने के संकट में फँस जाता है, तब उसके पुराने विद्यार्थी कई वर्षों बाद फिर से एकत्र होकर स्कूल का दौरा करते हैं।

इस मुलाकात के बाद उनकी स्कूल से जुड़ी यादों, टूटे हुए रिश्तों और विद्यालय के प्रति उनके प्रेम की एक नई भावनात्मक यात्रा शुरू होती है। अपने अजिंक्य योद्धा श्रीमंत बाजीराव पेशवा पर्व 2025-26 के रसिकों एवं संस्था की सदस्यता लेने हेतु इच्छुक रसिकों हेतु फिल्म का आयोजन पी.व्ही. आर., कॉसमॉस मॉल में सुबह 9:30 बजे किया जा रहा है।

### महाकाल और महादेवी की आकर्षक ग्लिटर पेंटिंग प्रस्तुत की गई

# महाकाल महोत्सव में फाल्गुनी आर्ट क्लास की 13 मिनट की अद्भुत लाइव पेंटिंग ने रचा इतिहास






**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल महोत्सव के दौरान फाल्गुनी स्कूल ऑफ आर्ट की डायरेक्टर फाल्गुनी अग्रवाल एवं उनके विद्यार्थियों ने चित्रकला की एक भव्य लाइव पेंटिंग प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अनूठे कला प्रदर्शन में मात्र कुछ ही मिनटों में महादेव एवं महादेवी के 4-4 अवतारों के साथ 12 ज्योतिर्लिंगों और शिव परिवार के महास्वरूप को 12.16 आकार में सजीव रूप से चित्रित किया गया।

प्रस्तुति के दौरान महाकाल और महादेवी की आकर्षक ग्लिटर पेंटिंग प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात महाकाल के 12 ज्योतिर्लिंगों की कलात्मक अभिव्यक्ति दिखाई गई। अंत में कैलाश पर्वत पर विराजमान भगवान शिव का दिव्य स्वरूप उभरकर सामने आया, जिसमें माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय सहित सम्पूर्ण शिव परिवार का भव्य दृश्य दशार्या गया।

इस अवसर पर फाल्गुनी अग्रवाल द्वारा प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन को उनकी विशेष पेंटिंग भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आशीर्वाद भी कलाकारों को प्राप्त हुआ।

फाल्गुनी आर्ट क्लास की डायरेक्टर फाल्गुनी अग्रवाल ने बताया कि पूरी लाइव पेंटिंग परफॉर्मेंस केवल 13 मिनट की रही। पहले 7 मिनट में भगवान शिव के 4 अवतार और माता पार्वती के 4 अवतार तैयार किए गए, जिनमें प्रत्येक के 33 अवतार रंगों में और 1.1 अवतार ग्लिटर वर्क में बनाया गया। अगले 3 मिनट में उन्हीं बोर्ड्स पर 12 ज्योतिर्लिंगों का प्राकट्य दशार्या गया। अंतिम क्षणों में कैलाश पर्वत में विराजमान शिव परिवार का दिव्य स्वरूप पूर्ण रूप से उभरकर सामने आया।

यह प्रस्तुति कला, भक्ति और रचनात्मकता का अद्भुत संगम रही, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

साथ ही फाल्गुनी अग्रवाल द्वारा महाकाल लोक की 200 मूर्तियों एवं 108 स्तंभों को 35 चित्रों (पेंटिंग्स) में चित्रित करने का विश्व रिकॉर्ड भी कुछ ही समय पहले बनाया जा चुका है।

# बाबा साहब को सौंपा कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

### मांगो का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण करने की प्रदेश सरकार से गुहार लगाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण कर बाबा सहाब को कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया। मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के आह्वान पर हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के नेतृत्व मे प्रदेश के सम्पूर्ण 55 जिलों में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 15 सुत्रिय लंबित मांगो के समर्थन मे स्पीड पोस्ट के द्वारा ज्ञापन दिया गया। भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण करके बाबा साहब को 15 सूत्रिय मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया और बाबा साहब के संविधान के अनुसार कर्मचारियों द्वारा मांगो का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण करने की प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है। इस अवसर पर प्रेमचंद नहार प्रदेश संगठन सचिव, हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष, दशरथ सीहोते जिला उपाध्यक्ष, मुकेश रायकवार जिला सचिव, विष्णु प्रसाद गोसर जिला कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र परमार विभागीय अध्यक्ष, सुनील खत्री विभागीय अध्यक्ष, गुलशन मंसूरी आउटसोर्स कर्मचारी संघ संभागीय अध्यक्ष, रामचन्द्र बाथम, भैरुलाल मालवीय, मालवीय, वीमला शखवार, भैरुलाल मालवीय आदि उपस्थित रहे।

### सार्थक एप बना परेशानी, स्वास्थ्य कर्मचारी भोग रहे पीड़ा

# सार्थक एप की कमियों के विरोध में न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

राज्य शासन के दिशा निदेर्शानुसार सार्थक एप के माध्यम से जो उपस्थिति दर्ज करने का प्रावधानित किया गया है, यह काफी असुविधाजनक होने से मेडिकल स्टाफ व फिल्ड कर्मचारियों को काफी असुविधा व परेशानी भोगनी पड रही है। जिस पर पुनर्विचार किया जावे।

उक्त मांग करते हुए सार्थक एप की कमियों के विरोध में न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, जिला अध्यक्ष एस पी अहिरवार व सीएचओ जिला अध्यक्ष डॉ रमाकांत मिश्रा के नेतृत्व में एवं प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, संभागीय उपाध्यक्ष एलएन गेहलोत, जिला सचिव परमानंद कटारिया, जिला उपाध्यक्ष एमडी अहिरवार की उपस्थिति



में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान विधायक श्री जैन ने आश्वस्त किया कि समस्या के निराकरण हेतु उचित पहल करेंगे। आगामी दिवस में मुख्यमंत्री के उज्जैन आगमन पर कर्मचारियों को उनसे मिलवाकर उनके समक्ष भी स्वास्थ्यकर्मियों की समस्या रखेंगे और राहत दिलवाने के प्रयास करेंगे। इस दौरान पार्षद दिलीप परमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

एमआर मंसूरी के अनुसार ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विभाग में फिल्डस्टाफ अधिक है जो चलित इकाई है, जैसे-बीएमओ, एचई, एनएमए, बीईई, एमआई, बीपीएम, बीसीएम, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर, एमपीएस, एएनम, एमपीडब्ल्यू आदि को अत्यधिक परेशानी भोगना पड रही है। कर्मचारियों को अलग अलग स्थानों पर जाकर सेवाएं देना पडती है। इमरजेंसी ड्यूटी, व्हीआईपी डयूटी के कारण कार्यक्रम पूर्व नियोजित होते हैं। इस मनमानी के कारण अधिकारी वर्ग भी काफी सदमें में है।

# दो दिवसीय श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवानजी का आंगी अर्पण महोत्सव आज से

### पार्श्वनाथ भगवान ओर नाकोड़ा भैरूजी की करेंगे भक्ति, 18 जनवरी को निकलेगा भव्यातीभव्य वरघोड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुम्बई शाखा उज्जैन द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवानजी का आंगी अर्पण महोत्सव आज 17 जनवरी से प्रारंभ होगा। आज शनिवार को मनोरमा गार्डन अरविंद नगर में महोत्सव का शुभारंभ भव्य भक्ति ह्यह्यहालो रे हालो उज्जैन हालकोह्लह्ल के साथ होगा। जिसमें युवा संगीतकार वैभव सोनी नाथद्वारा के पार्श्वनाथ भगवान ओर नाकोड़ा भैरूजी की भक्ति करेंगे। 18 जनवरी को सुबह 9 बजे भव्यातीभव्य वरघोड़ा ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट केसरिया तीर्थ खाराकुआं से प्रारंभ होकर दानीगेट श्री अवंती पार्श्वनाथ मंदिर पर पहुंचेगा। यहां सम्पूर्ण लाभार्थियों द्वारा बनाई गई भगवान अवंती पार्श्वनाथ भगवान की चांदी की आंगी अर्पण की जाएगी।

सुनील जैन, रूपेश नाहर, नेमीचंद जैन ने बताया कि मालवा भूषण आचार्य श्री नवरत्नसागरसूरीश्वरजी म. सा. के दिव्य आशीष, राष्ट्रसंत आचार्य श्री चन्द्राननसागरसूरीश्वरजी म.सा. के पावन आशीर्वाद, खतरगच्छाधिपति आचार्य श्री मणिप्रभसागरसूरीश्वरजी म. सा. के शुभ आशीष से आयोजित अंगी अर्पण कार्यक्रम अंतर्गत श्री पार्श्व भैरव भक्ति और रथयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद अनील फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, नाकोड़ाजी तीर्थ के ट्रस्टी कांतिलाल पुखराज शाह, भाजपा उपाध्यक्ष मुंबई रेखा बेन, साथ ही नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुंबई के संस्थापक अध्यक्ष मनोज भाई शोभावत सहित पदाधिकारी सदस्य भी उपस्थिति रहेंगे।

सुनील जैन, प्रमोद जैन ने बताया कि श्री पार्श्व भैरव महाभक्ति में युवा संगीतकार वैभव सोनी, किशन गोयल, कार्यक्रम संचालक ललित परमार रहेंगे। आज लक्की ड्रा कूपन शाम 7.30 से 8 बजे तक दी जाएगी जिसमें भाग्यशालियों को सोने चांदी के सिक्के भेट किए जाएंगे।

18 जनवरी को आगी अर्पण कार्यक्रम में लाभार्थियों के द्वारा श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवान, श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ, आदेश्वर भगवान, नाकोड़ा भैरूजी की चांदी रजत आगी थाली, दीपक, मंगल दीपक अर्पण किया जाएगा। मंगल कार्यक्रम रविवार सुबह 9.30 बजे केसरिया जी तीर्थ खाराकुआं से प्रारंभ होकर सराफा, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर होता हुआ अवंति पार्श्वनाथ तीर्थ पर समाप्त होगा।

श्री पार्श्व भैरव भक्ति एवं स्वामीवत्सल का लाभ भेरूलाल नेमीचंद कन्हैयालाल जैन सुवासरा परिवार ने लिया। ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी के सचिव नरेंद्र जैन दलाल, छोटे साजन ओसवाल समाज के अध्यक्ष संजय जैन खलीवाले, अवंती पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कोठारी, ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के मदनलाल जैन रूनवाल, नागेश्वर पार्श्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश भंडारी, आदिनाथ मंदिर ट्रस्ट से श्री पगारिया, राजेश जैन पटनी महासंघ के अध्यक्ष राहुल जैन, रितेश खाबिया, छोटे साजन ओसवाल विंग के राहुल कटारिया, श्रीपाल राजावत, जीरवाला पार्श्वनाथ ट्रस्ट के राजेश जैन डंगवाल, प्रवीण काकरिया, अभ्युदय ट्रस्ट के सुभाष जैन, चौमुखा जिनालय से सुशील जैन, संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मनोज भाई शोभावत उज्जैन शाखा अध्यक्ष सुनील जैन उपाध्यक्ष रूपेश नाहर, सचिवं प्रमोद जैन सह सचिव नेमीचंद जैन, राजीव जैन कोषाध्यक्ष, अनिल जैन सचिव, संजेन्द्र खरात सहसचिव, मुकेश मुनोत, संजय जैन (जैन ज्वेलर्स), ब्रजेश जैन, चिदरूप गर्ग, धर्मेंद्र जैन, विनय जैन, अशोक जैन हरणीया, पंकज जैन, पंकज कोठारी, दीपेश जैन, शेलेन्द्र जैन, सोनू जैन, हेमंत पावेचा, संदीप वया, दिव्यांश जैन, आदित्य राज मुनोत, हर्षवर्धन जैन, अभिषेक जैन, प्रनीत जैन, सिद्धार्थ जैन, निहाल जैन, गौतम संघवी ने सभी नाकोड़ा भक्तों से निवेदन किया है कि 17-18 जनवरी को कार्यक्रम में पधारकर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि करें समस्त उज्जैनवासी पधारकर भक्ति करें।

## खबर एक नजर...

### इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के स्वर्ण जयंती सम्मेलन में उज्जैन के प्रतिनिधि भी होंगे सम्मिलित

**उज्जैन।** इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन इंदौर मंडल का स्वर्ण जयंती सम्मेलन आज 17 जनवरी को जाल सभा गृह, इंदौर में प्रारंभ होगा। सम्मेलन में इंदौर मंडल की 33 शाखाओं से लगभग 200 प्रतिनिधि एवं पेंशनर साथी भाग लेंगे। उज्जैन स्थित शाखाओं से भी करीब 20 प्रतिनिधि इसमें सम्मिलित होंगे। इंदौर मंडल के संयुक्त सचिव कुलदीप सिंह क्षत्रिय ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय महासचिव श्रीकांत मिश्रा (हैदराबाद) द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज महापात्र (रायपुर) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मंडल संगठन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर, 75 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यतः बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति के संदर्भ में निर्मित परिस्थितियों का विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही वर्ग 3 एवं वर्ग 4 कर्मचारियों की नई भर्ती, तथा 20 करोड़ से अधिक बीमाधारकों के हितों की सुरक्षा हेतु आवश्यक उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

### गउघाट प्लांट की रिपेयरिंग हो, काई, गंदगी हटाई जाए

**उज्जैन।** शहर में शुद्ध जल वितरण हेतु गउघाट प्लांट की रिपेयरिंग, काई, गंदगी हटाने, सम्पूर्ण प्लांट की रंगाई पुताई करने एवं सयंत्र पर अन्य तकनीकी स्टॉफ की उपलब्धता करवाने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने निगमायुक्त को पत्र लिखा है।

डॉ. रवि राय ने कहा कि इन्दौर में दूषित जल वितरण के कारण 23 नागरिकों की मृत्यु हो चुकी हैं। जिसके बाद शासन द्वारा समस्त नगरीय निकायो को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया गया हैं। कांग्रेस पार्षद दल द्वारा पी.एच.ई अधिकारियों के साथ 6 जनवरी को जल यंत्रालय गऊघाट का निरीक्षण किया था। जिसमें कई अव्यवस्था एवं कमियां पाई गई थी। इन कमियों को दूर किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

रवि राय ने कहा कि सम्पूर्ण प्लांट पर जहाँ जल शुद्ध किया जाता हैं उक्त स्थल पर काई 3 से 4 इंच तक दिवारो पर थीं, उसे तत्काल हटायें। प्लांट पर तकनीकी अधिकारी केमिस्ट नहीं हैं सहायक केमिस्ट से लेबोरेटरी का संचालन कराया जा रहा हैं, एवं अन्य महिलाकर्मी जो की आऊटसोर्स कर्मचारी हैं से केमिस्ट का कार्य लिया जा रहा हैं। जल शुद्धीकरण में लगने वाले केमिकल स्टॉफ रजिस्टर में कई स्थानों पर नील शब्द अर्थात केमिकल उपलब्ध नहीं था। केमिकल की पूर्ति लगातार की जावें। अन्य जल यंत्रालय अमबोदिया एवं उंडासा डेम पर भी लेब टैक्निशियन की नियुक्ति की जावें। पुरानी पाईप लाईन / नालीयों में टूटे पडे नलो को शीघ्र बंद करें। शिकायत वाले क्षेत्रो में तत्काल टीम भेजकर सेम्पल भरने/टेस्टींग का कार्य अनवरत (निरंतर) जारी रहें। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि उक्त सुधार कार्य किये जाना अत्यंत आवश्यक है.

# राष्ट्रीय स्टार्टअप डे पर शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में हुआ एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन






वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा वनस्पति विषय के पाठ्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा समाहित औद्योगिक वनस्पति पाठ्यक्रम को व्यवसाय से जोड़ने के उद्देश्य से एकदिवसीय आर्चा सॉस चटनी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि श्रीमती अंजना जैन ने छात्राओं को 10 प्रकार के अचार 10 प्रकार के ठेचे, चटनिया और सॉस बनाना सिखाए उन्होंने लाल मिर्च, नींबू, लहसुन, मिक्स सब्जिया, हरी मिर्च, आंवला,प्याज, के साथ साथ लाल मिर्च का ठेचा, लहसुन का ठेचा मूंगफली, टमाटर का सॉस आदि शामिल थे। इस कार्यशाला में अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ये कार्यशाला स्टार्टअप दिवस को सार्थक कर रही है। छात्राएं ये सभी अचार आदि सीखे और इसे व्यवसाय के रूप में शुरू करे, उन्होंने छात्राओं को अपने व्यवसाय की प्रथम ग्राहक बनने का वादा भी किया। उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ.अंजना बुंदेला ने (ईडीआई प्रशिक्षण एनआईटीटीआर अहमदाबाद में उद्यमिता और स्टार्टअप का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त) व्याख्यान दिया।कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. एकता दूबे ने किया, आभार डॉ. मधु खंडेलवाल ने माना। कार्यशाला को सफल बनाने में पूरे विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों का सहयोग प्राप्त हुआ और समस्त प्राध्यापक गणों और छात्राओं ने भाग लिया।

**माधव कॉलेज के विद्यार्थियों को स्टार्टअप्स हेतु शेयर्ड को वर्किंग स्पेस मिलेगा**

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर नवाचार की घोषणा

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन




प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि विधार्थियों को स्टार्टअप्स हेतु शेयर्ड को वर्किंग स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर महाविद्यालय में नवाचार की घोषणा की।

प्रो अल्पना उपाध्याय ने महाविद्यालय के दो स्टार्टअप्स की जानकारी देते हुए बताया कि स्टार्ट अप नई सोच से भरपूर होते हैं। यदि आप में धैर्य है, पास में नया विचार है और जीवन में मेहनत करने के लिए तैयार हैं तो आप सफल उद्यमी बन सकते हैं। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन डॉ संजीव शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ मनीष शर्मा ने कहा कि हम को बर्मी कम्पोस्टिंग में स्टार्ट अप करना चाहिए। डॉ अजीता केलवा, डॉ धर्मेन्द्र तिवारी ने स्टार्ट अप की अवधारणा को स्पष्ट किया। डॉ रीना अर्धव्यू ने कहा कि स्टार्ट अप नई सोच को जाहिर करता है।

प्रो लाखन सिंह कुशवाह और डॉ अंशु भारद्वाज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। डॉ चन्द्र दीप यादव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जलोदा जोड़ के पास चलती स्कूटी बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे दंपत्ति

**शाजापुर।** आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलोदा जोड़ के पास एक बड़ा हादसा टल गया। यहां एक चलती स्कूटी में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि धुआं निकलते ही स्कूटी सवार पति-पत्नी समय रहते वाहन से नीचे उतर गए, जिससे उनकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार ग्राम रिजावदा निवासी विजय स्कूटी से इंदौर जा रहे थे। रास्ते में जलोदा जोड़ से कुछ दूरी पहले ही उन्होंने स्कूटी में पेट्रोल भरवाया था। जैसे ही वे जलोदा जोड़ के समीप पहुंचे, स्कूटी से अचानक धुआं निकलने लगा।

# सांदिपनी चौराहा से उद्यन मार्ग तक प्रस्तावित चौड़ीकरण कार्य पर तत्काल रोक लगे

### कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने संभागायुक्त, कलेक्टर, कमिश्नर को लिखा पत्र

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

सांदिपनी चौराहा से उद्यन मार्ग तक प्रस्तावित चौड़ीकरण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने संभागायुक्त आशिष सिंह, कलेक्टर रोशन सिंह तथा निगमायुक्त को पत्र लिखा है।

जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल के अनुसार सांदिपनी चौराहा से उद्यन मार्ग तक जो सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, वह न तो न्यायसंगत है और न ही जनहित में प्रतीत होता है। उक्त मार्ग पहले से ही पर्याप्त चौड़ा है तथा इसके चौड़ीकरण से किसी प्रकार का कोई विशेष लाभ नहीं है। साथ ही, इस मार्ग का सिंहस्थ से भी कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। इस चौड़ीकरण के कारण स्थानीय व्यापारी बंधुओं का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, जिससे उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। आम नागरिकों ने बड़ी कठिनाइयों से अपने आशियाने बनाए हैं, उन्हें तोड़कर बेघर करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। भरत पोरवाल ने कहा कि सिंहस्थ में अब बहुत कम समय शेष है, परंतु इस प्रकार के अनावश्यक कार्यों में समय और जनधन की बर्बादी की जा रही है। वर्तमान में धरातल पर सिंहस्थ से संबंधित आवश्यक कार्यों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भरत पोरवाल ने संभागायुक्त, कलेक्टर, कमिश्नर से पत्र के माध्यम से अनुरोध किया कि सिंहस्थ की तैयारियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। उज्जैन बाबा महाकाल की पावन नगरी है, जहाँ देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन एवं क्षिप्रा स्नान हेतु आते हैं, परंतु आज तक क्षिप्रा नदी की समुचित सफाई नहीं हो पाई है और न ही उज्जैन की जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सका है। ऐसे में अनावश्यक कार्यों पर जनता का धन खर्च करना उचित नहीं है। सांदिपनी चौराहा से उद्यन मार्ग तक किए जा रहे चौड़ीकरण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए तथा सिंहस्थ से जुड़े आवश्यक एवं जनहितकारी कार्यों पर ध्यान दिया जाए।

# बांग्लादेश में मानवता के कत्लेआम के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

### कट्टरपंथियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा की

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



बांग्लादेश में हो रहे मानवता के कत्लेआम के विरोध में सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहीद पार्क से कैंडल मार्च निकाला गया। कट्टरपंथियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा की।

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि संस्था द्वारा बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध में शहीद पार्क पर से कैंडल मार्च निकाला गया एवं दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उप संयोजक सैयद उस्मान हसन एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया कैंडल मार्च में डॉ .शकील अंसारी, अनुदीप गंगवार, इंस्पेक्टर जहिर नागोरी, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, जाहिद जो एडवोकेट, युवा नेता बाबर खान, इरफान खान, इंजीनियर सद्दाम हुसैन, जगन्नाथ अष्टकर, शाकिर शेख, आजम खान, नासिर मंसूरी, हाजी इस्माइल रंगवाला, हाजी शेरू राइन, हाजी इस्माइल खान भूरु भाई, इरफान राइन, गंगाधर महा, शरीफ खान, इकबाल उस्मानी आदि प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। अपने संबोधन में सेवानिवृत प्राचार्य कमर अली ने कहा आज बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या मानवता पर काला धब्बा है। जिस मुल्क में भी जहां-जहां कट्टरपंथी है वह मानवता के लिए खतरा है। पूरे विश्व में कट्टरपंथियों और इंसानियत के दुश्मनों ने आतंक मचा रखा है जो सभ्य दुनिया के लिए चिंताजनक है। मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन ने अपने संबोधन ने कहा हम महापुरुषों को सिर्फ नाम के लिए याद करते हैं उनके महान व्यक्तित्व से प्रेरणा नहीं लेते, श्री कृष्ण, महावीर स्वामी, गौतम बुद्ध, श्री राम, हजरत मोहम्मद, गुरु नानक जी, ईसा मसीह का पूरा जीवन मानवता एवं धर्म की रक्षा में समर्पित रहा। आपने सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया। आज संपूर्ण विश्व अराजकता के दौर में गुजर रहा है। हमें इस कठिन दौर में इंसानियत और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए हमें सतर्क रहना होगा। तभी कट्टरपंथी शक्तियां नाकाम होंगी। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

## खबर एक नजर...

### महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वतीजी महाराज 18 जनवरी को उज्जैन आएंगे

**उज्जैन।** अटल पीठाधीश्वर राजगुरु आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वतीजी महाराज 18 जनवरी को उज्जैन आएंगे।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि रविवार सुबह प्रातः 7 बजे स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वतीजी महाराज बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे। तत्पश्चात मंगलम निवास बी 26/12 बसंत विहार उज्जैन में भक्तों से मुलाकात एवं दर्शन के पश्चात सोनकच्छ में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करने हेतु प्रस्थान करेंगे। अजीत मंगलम ने बताया कि महाराजश्री प्रयागराज से वायुयान द्वारा उज्जैन पहुंचेंगे। उज्जैन में दर्शन, भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर सोनकच्छ हिंदू सम्मेलन को संबोधित करने जाएंगे। स्वामी जी कृपा पात्र भक्त अजीत मंगलम, विनोद लाला, शैलेंद्र मित्तल ने सभी भक्तों से महाराजश्री के दर्शन लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### भारत मुक्ति मोर्चा ने धरना देकर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**उज्जैन।** भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन की परमिशन रद्द करने का विरोध लगातार किया जा रहा है। दूसरे चरण में भारत मुक्ति मोर्चा ने कोठी पैलेस स्थित सुबह 11:00 बजे से 3:00 बजे तक धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरना समापन के बाद प्रशासनिक संकुल भवन स्थित पहुंचे जहां पर ओबीसी की जाति आधारित जनगणना को लेकर संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयु. गंगा मालवीय के नेतृत्व में सौंपा गया। संगठन का आरोप है कि बालियात्रा लोअर ग्राउंड, कटक (ओडिशा) में प्रस्तावित था, जो ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) की जाति आधारित जनगणना के समर्थन में आयोजित किया जाना था। संगठन की ओर से अधिवेशन के लिए ओडिशा जिलाधिकारी, कटक महानगर पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों से सभी आवश्यक अनुमतियां दो माह पूर्व ही विधिसम्मत रूप से प्राप्त कर ली गई थीं। इसके बावजूद सरकार द्वारा अधिवेशन की अनुमति रद्द कर दी गई। मुकेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति तत्काल प्रभाव से पुनः बहाल की जाए। साथ ही अधिवेशन रद्द होने से संगठन व डेलीगेट्स को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। भविष्य में किसी भी संगठन के संवैधानिक, सामाजिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों को राजनीतिक दबाव में रोकने की परंपरा समाप्त करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हेतु स्वतंत्र कानून बनाए जाने की मांग भी रखी गई। अध्यक्ष आयु. गंगा मालवीय ने कहा कि ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को दबाने की साजिशों की न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

भाविप के स्वास्थ्य शिविर में दिव्यांग व मूक-बधीर बच्चों सहित 158 का हुआ परीक्षण

# निःशुल्क ब्लड टेस्ट के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर दी दवाइयां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारत विकास परिषद विक्रमादित्य एवं महाकाल के संयुक्त तत्वावधान में 73वाँ स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रशांत पाटीदार एवं रवींद्र मूले ने बताया कि संस्था संरक्षक भगवान शर्मा, विठ्ठल नागर एवं दीपक राजवानी के मार्गदर्शन में लगे इस शिविर में मेडिस्टा हॉस्पिटल के प्रसिद्ध ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. लवेश अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा अग्रवाल, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. गायत्री भंडारी, लोटस हॉस्पिटल के डॉ. करण पंड्या, प्रवीण पंड्या, डॉ. खुशबू अंसारी, डॉ. अमित पटेल, डॉ. निकिता मालवीय, डॉ. सी. पी. पाटीदार, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. राहुल




नागर, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. विशाल पाटीदार सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा 158 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। मेडिस्टा हॉस्पिटल इंदौर एवं लोटस हॉस्पिटल उज्जैन के सहयोग से आयोजित इस शिविर के पीआरओ सुनील शर्मा व अंकित मंडलोई ने बताया कि इस शिविर में शहर के आमजनों के साथ मूक-बधीर बच्चों एवं दिव्यांग बंधुओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड टेस्ट के साथ कर उन्हें आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध करवाई गई। श्याम माहेश्वरी अध्यक्ष समर्थ सेवा संस्था की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर के अतिथि पूर्व नगर निगम सभापति सोनू गेहलोत व समाजसेवी चंद्रशेखर माहेश्वरी थे। डॉ. (कर्नल) जी. व्यास, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. अजय मंडलोई, डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. स्वप्निल पेंडारकर, डॉ. सुरेश समदानी, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. विजय पाटीदार, डॉ.आशीष दुबे, डॉ. सुरेश बैंडवाल, डॉ. योगेश सर्राफ, डॉ. शरद गोवा, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. हुसैन फ्रीगंजवाला, डॉ. साधना दुबे, डॉ. दीपक फूलवानी, डॉ. समर्थ पाटीदार, डॉ. विजय पाटील, डॉ. पदमसिंह नरवरिया, डॉ. बी. के. मालवीय, डॉ. गिरधर सोनी, डॉ. अमृता सोनी, डॉ. आदित्यवर्धन पाटीदार, डॉ. आनंद यादव, डॉ. सिद्धार्थ मारोठिया, डॉ. आभास शर्मा, प्रतीक व्यास, सुनील आनंद श्रीवास्तव, अंशुल कोठालकर, अभिषेक पाटीदार व नर्सिंग स्टाफ पूजा प्रजापत, सोना परमार, अनिरुद्ध नाहर का सराहनीय योगदान रहा।

### अफसरों के लिए मिनरल वॉटर, लाड़ी बहनों को नसीब हुआ बदबूदार पानी

**शाजापुर।** एक तरफ सरकार लाड़ली बहनों के स्वाभिमान और सम्मान के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी तरफ शाजापुर में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिम्मेदारों का बेहद संवेदनहीन चेहरा सामने आया। यहां बहनों के पीने के लिए नगर पालिका से जो पानी मंगवाया गया, वह न केवल मटमैला था बल्कि उसमें से दुर्गंध भी आ रही थी। शर्मनाक बात यह रही कि उसी मंच पर बैठे अफसरों और वीआईपी अतिथियों के लिए ब्रांडेड कंपनी के बोतलबंद पानी का इंतजाम था। कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं प्यास लगने पर जब पानी के कैंपरों के पास पहुंचीं, तो पानी की रंगत और गंध देखकर उनके होश उड़ गए। महिलाओं ने बताया कि पानी पूरी तरह पीने लायक नहीं था। जब मीडिया कर्मियों ने इस अव्यवस्था को अपने कैमरों में कैद करना शुरू किया, तब कहीं जाकर अफसरों की नींद खुली और आनन-फानन में नगर पालिका को फोन लगाया गया और गंदे कैंपरों को हटाकर नए पानी के कैंपर मंगवाए गए।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में स्टार्टअप दिवस पर युवाओं को दिए स्वरोजगार के गुर

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअ दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासकीय कन्या महाविद्यालय के टीपीओ डॉ. कपिल जाटव ने स्टार्टअप की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकार स्टार्टअप को हर स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है। विद्यार्थियों को केवल नौकरी पाने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला उद्यमी बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। मुख्य अतिथि बलवंत सितोलिया जिला प्रबंधक, ग्रामीण आजीविका मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वरोजगार कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से युवा अपने छोटे व्यवसायों को बड़े स्टार्टअप में बदल सकते हैं। वहीं विशेष अतिथि बबीता बोस ने भी अपने विचार साझा किए।

# चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का हुआ समापन

## श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति ने भजन संध्या व विशाल भंडारे का

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गढ़कालिका रोड स्थित दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ जी की समाधि पर श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन समाधि स्थल पर महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें देश की सुख-समृद्धि तथा सनातन धर्म के संरक्षण व प्रसार की कामना की गई। दूसरे दिन मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला गया, वहीं दो दिनों तक विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

धर्मेंद्र जोशी एवं शशिकांत टाक ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिवसीय आयोजन के समापन अवसर पर भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भजन संध्या में



श्रद्धालु भगवान के भजनों पर झूम उठे और देश में सुख-शांति की कामना की। समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे का लाभ लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीर योगी रामनाथ जी महाराज, श्री महंत महावीर नाथ जी महाराज एवं सोमवारनाथ जी महाराज उपस्थित रहे। यह आयोजन पिछले 18 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। 1008 तपस्वी श्री योगी बाबा बमबम नाथ जी महाराज द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं को भोजन कराकर सेवा भाव का संदेश दिया जाता था। उन्हीं की पावन परंपराओं का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी महायज्ञ, विशाल भंडारा, चल समारोह एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।चार दिनों तक मंदिर परिसर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

समापन भंडारे के अवसर पर साधु-संतों एवं बटुकों को विशेष रूप से भोजन कराया गया तथा दक्षिणा, रुद्राक्ष माला भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं ने उपस्थित गुरु महाराजों से आशीर्वाद प्राप्त किया। समापन के दौरान धर्मेंद्र जोशी ने साधु-संतों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुजी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका सेवा और दान का संदेश सदैव हम सभी के साथ रहेगा। अन्न, जल और वस्त्र का दान करो इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए सेवा समिति निरंतर भंडारे का आयोजन करती रहेगी।

# मध्यप्रदेश लेखक संघ की काव्य गोष्ठी में कवियों ने काव्य पाठ से किया भाव-विभोर

## लेखक संघ के अध्यक्ष प्रो. हरिमोहन बुधौलिया को समर्पित रही काव्य गोष्ठी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन द्वारा चार धाम मंदिर सभागृह में आयोजित काव्य गोष्ठी में उपस्थित साहित्यकारों, स्वजनों एवं श्रोताओं को कवि सुगनचन्द जैन, डॉ. उर्मि शर्मा, शीला व्यास, डॉ. रमेश चन्द्र चांगेसिया, रमेश चन्द्र शर्मा, डॉ. अखिलेश चौरे, डॉ. आर पी तिवारी, संगीता तल्लैरा, प्रफुल्ल कुमार शुक्ला, डॉ. रफीक नागौरी, विनोद काबरा, अशोक रक्ताले आदि ने अपने सुगन्धित काव्य पुष्प समर्पित किए।

गोष्ठी के अतिथि वक्ता आचार्य शैलेंद्र पाराशर ने कहा कि कवियों ने



अपने काव्य पाठ से गोष्ठी में रचना पाठ कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर आनंदित कर दिया। प्रो. पाराशर ने आचार्य हरिमोहन बुधौलिया को समर्पित इस काव्य गोष्ठी के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि उनका व्यक्तित्व अत्यंत सहज, सरल, समाज समर्पित, सम-रसतावादी एवं सामाजिक सरोकारों से सम्बद्ध रहा है। आचार्य शैलेन्द्र पाराशर ने प्रो हरिमोहन बुधौलिया के लिए कहा कि हम सब आपकी उर्जस्विता से शक्तिमान होते है क्योंकि इनके नाम में ही हरि और मोहन एक साथ समाए हैं। जहां यह उत्सव मन रहा है ये भी अत्यंत पावन ऊर्जा स्थली है। आचार्य डॉ. गोपाल शर्मा ने अपने वक्तव्य में बुधौलियाजी के साथ की अपनी 40 वर्षीय दोस्ताना आनन्दमयी स्मृतियाँ ताजा की। प्रो नागेश्वर राव ने कहा कि चूंकि यह देव स्थली है इसलिए यहां दैविक अनुभूति होना स्वाभाविक है। उन्होने भी बुधौलिया सर के साथ आत्मीय संबंधों का जिक्र किया। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने संक्षिप्त में सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि यही रस माधुर्य बना रहे। डॉ. पांखुरी वक्त ने अपने श्रेष्ठ संचालन में कहा कि ऐसे उदारमना व्यक्तित्व का जन्मोत्सव के ये पल हमें बहुत ही सुखद अनुभूति करा रहे हैं।

कार्यक्रम सीमा देवेन्द्र की शारदे वंदना से प्रारंभ हुआ और काव्य गोष्ठी का समापन भी इनके बधाई गीत जो आदरेय बुधौलिया सर को समर्पित था और सुन्दर गीत के साथ हुआ। अतिथि स्वागत प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने किया। गोष्ठी में पंडित रमण त्रिवेदी, डॉ. अभिलाषा शर्मा, नीलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार उपस्थित रहे। संचालन डॉ. पांखुरी वक्त ने किया और आभार प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने व्यक्त किया।

# चिकलाना गांव में पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की अवैध फैक्ट्री पर मारा छापा

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम/जावरा



जिले के चिकलाना गांव में पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की अवैध फैक्ट्री का खुलासा किया है। कालूखेड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात करीब ढाई बजे की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से 10 किलो से अधिक तैयार एमडी ड्रग, करीब 3 करोड़ रुपए मूल्य का केमिकल, 12 बोर की बंदूक, 91 कारतूस, दो मोर और चंदन की लकडियां बरामद की हैं।

पुलिस ने छापे के दौरान 16 लोगों को हिरासत में लिया। करीब 12 घंटे तक चली कार्रवाई के बाद शुक्रवार दोपहर 3 बजे घर के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकाला गया। महिलाओं को भी गिरफ्तार कर सीधे कालूखेड़ा थाने ले जाया गया। इस दौरान गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा। ग्रामीण आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग करते रहे। जब आरोपियों को पुलिस वाहन में बैठाया जा रहा था, तब ग्रामीणों ने जय जय श्री राम के नारे भी लगाए। पुलिस के अनुसार, जिस मकान में फैक्ट्री चल रही थी, वह दिलावर खान पठान का है। दिलावर चिकलाना गांव का निवासी है और आजाद समाज पार्टी से जुड़ा रहा है। वह यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर का करीबी बताया जा रहा है। दिलावर 2023 में जावरा विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ चुका है और पार्टी का प्रदेश पदाधिकारी भी रहा है।

नशे की फैक्ट्री की सूचना मिलने के बाद एसपी अमित कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। रतलाम से एएसपी राकेश खाखा, ग्रामीण एएसपी विवेक कुमार लाल और जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय पुलिस बल के साथ चिकलाना पहुंचे और एक मकान पर दबिश दी।



## शिवना शुद्धिकरण के 80वें दिन स्कूली बच्चों ने किया श्रमदान

**मन्दसौर।** शुक्रवार की प्रातः शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदानियों के साथ स्कूल के बच्चों ने भी श्रमदान कर नदी में जमी गंदगी, प्लास्टिक, कचरा तथा जल में फंसी अशुद्ध सामग्री को बाहर निकाला गया । साथ ही नदी के किनारों पर फैले कचरे को भी साफ किया गया । विधायक विपिन जैन ने कहा कि बच्चों ने अपने छोटे हाथों से बड़ा संदेश दिया कि यदि आने वाली पीढ़ी जागरूक हो जाए, तो किसी भी नदी को फिर से जीवनदान दिया जा सकता है । विधायक श्री जैन ने सभी श्रमदानियों व बच्चों के साथ शपथ ली कि वे न केवल नदियों को स्वच्छ रखेंगे, बल्कि अपने नगर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों को भी साफ-सुथरा बनाए रखेंगे। श्रमदान में विधायक विपिन जैन, हेमराज खाबिया, उर्मिला तोमर, रमेश सोनी, वजय आनंद, राकेश जैन पिंटू, कैलाश कुमावत, आदित्य पाटिल, सुमित कनेसरिया, सुषमा श्रीवास्तव, गायत्री पालीवाल, मनोहर घारू, सोनाली जैन,रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला,अनीता भदोरिया, सुनीता बंडी, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, तरूण खिंची, निर्विकार रातडिया, शैलेन्द्र गोस्वामी, दिलीप देवड़ा, साबिर इलेक्ट्रिशियन, संजय नाहर, मनोहर नाहटा, अजय सोनी, राजेश खिंची सहित आदित्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी श्रमदान में उपस्थित रहे।

## आचार्य श्री विश्वरत्नसागरजी का मंदसौर नगर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



19 जनवरी को होने वाली महामांगलिक और नवीन जिन मंदिर के भूमि पूजन के निमित्त आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरिश्वरजी म.सा. का शुक्रवार को नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आराधना भवन जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ और नवरत्न परिवार द्वारा भव्य सौमय्या (जुलूस) निकाला गया।

श्रेयांसनाथ मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह विभिन्न मार्गों से होता हुआ आराधना भवन पहुंचा मार्ग में कई स्थानों प आचार्य श्री के आगमन पर विभिन्न जैन परिवारो ने अपने निवास स्थान के बाहर आकर गहुलिया की तथा आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। आराधना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि मंदसौर (दशपुर) नगरी जैन व सनातन धर्म का केन्द्र रही है। इस नगरी से जैन इतिहास जुड़ा है। बहुत ही गौरव की बात है कि 19 जनवरी को मंदसौर में नवीन जिन मंदिर की स्थापना हेतु भूमिपूजन होने जा रहा है। 19 जनवरी, सोमवार को मंदसौर के हर्ष विलास रिसोर्ट में आचार्य श्री नवरत्नसागरजी सूरिश्वरजी म.सा. के मुखारविन्द से महाप्रभावशाली महा मांगलिक होने जा रही है। साथ ही इसी दिन भूमि प्रदाता गनेड़ीवाल परिवार के द्वारा मिड इंडिया परिसर के समीप नवीन जिन मंदिर निर्मित किये जाने हेतु भूमिपूजन होने जा रहा है। इन दोनों कार्यक्रमों के निमित्त आचार्य श्री विश्व रत्नसागर सूरिश्वरजी म.सा. का अन्य साधु संतों सहित कल मंदसौर नगर में आगमन हुआ।

इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष दिलीप रांका, श्रीसंघ अध्यक्ष महेश जैन तहलका, सचिव निलेश बम्बोरिया, कोषाध्यक्ष संजय चोरड़िया, डॉ. सरदारमल धाकड़, समाजसेवी अमित जैन छिंगावत, विजय बम्बोरिया, सज्जनलाल रांका आदि मौजूद थे।

## उप मुख्यमंत्री ने 9.38 करोड़ की सड़कों का किया भूमिपूजन

**मन्दसौर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शुक्रवार को मंदसौर जिले के ग्राम आक्या बीका में विकास कार्यों की नई सौगात दी। श्री देवड़ा ने ग्राम आक्या बीका गोशाला परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान कुल 9 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बनने वाली तीन प्रमुख सड़कों का भूमिपूजन किया। श्री देवड़ा ने 3 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से आक्या बीका से मगराना सड़क, 3 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से खेड़ा से टकरावद सड़क, 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से ढाणी से भेरूजी सड़क का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि वर्तमान समय सड़कों के विकास का स्वर्णिम युग है । उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़कों का विकास केवल आवागमन ही नहीं, बल्कि परिवहन, कृषि, उद्योग और देश के समग्र विकास की आधारशिला है । श्री देवड़ा ने बताया कि अकेले मल्हारगढ़ क्षेत्र में लगभग 250 सड़कों का निर्माण किया गया है, जो सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है। श्री देवड़ा ने कहा कि गांधी सागर का पानी आगामी एक वर्ष के भीतर किसानों के खेतों तक पहुँचा दिया जाएगा ।



## मकर संक्रांति पर यज्ञ के माध्यम से सुख-शांति की कामना की



**पिपलिया मंडी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी निनोरा आर्य समाज के तत्वाधान मे एवं एवं आर्ययुवक परिषद के प्रयास से चचोर वाले सेवानिवृत शिक्षक श्री शिवनारायण पांडे के सौजन्य से निनोरा में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पं शीवनाराण नागर के आचार्यत्व में सामूहिक यज्ञ करके क्षेत्र हेतु सुख-शांति की कामना करी। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष कुंजीलाल पाटीदार ने किया।

## सांदीपनि स्कूल में मिड डे मिल खाने से 14 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ी



ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जिले के रावटी स्थित सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज) में गुरुवार को मिड डे मिल (मध्यान्ह भोजन) खाने से 14 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ गई। दाल-खिचड़ी खाने के बाद बच्चों को सिर और पेट में दर्द होने लगा। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को रावटी के मेडिकल क्लिनिक पर ले जाकर इलाज कराया और दवा दिलवाई। घटना की जानकारी मिलने पर रात में जिला प्रशासन के अधिकारी स्कूल पहुंचे और जांच की। शुरूआती जांच में खिचड़ी में मिर्च ज्यादा होने की बात सामने आई है। फिलहाल सभी बच्चे स्वस्थ हैं।

गुरुवार को स्कूल में मिड डे मिल में दाल-खिचड़ी दी गई थी। खाने के बाद सबसे पहले छात्रा दुर्गा ने सिर व पेट दर्द की शिकायत की। इसके बाद एक-एक कर 14 बच्चों ने यही समस्या बताई। स्कूल स्टाफ उन्हें तुरंत रावटी के मेडिकल क्लिनिक ले गया, जहां डॉ. बीएल मांगरिया ने जांच कर एंटी-एसिडिटी की दवा दी। आराम मिलने पर शाम 4.30 बजे बच्चों को घर भेज दिया गया। स्कूल के मिडिल सेक्शन में कुल 94 बच्चों ने खाना खाया था, जिनमें से कक्षा 6ठी के 10 और कक्षा 7वीं के 4 विद्यार्थी (जिनमें 2 छात्राएं) बीमार हुए।

स्कूल प्रबंधन ने दिनभर मामले को दबाए रखा। देर शाम कलेक्टर मिशा सिंह और जिला पंचायत सीईओ वैशाली जैन को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ निर्देश शर्मा रात 7.30 बजे रावटी पहुंचे। उन्होंने स्कूल प्रिंसिपल और स्टाफ से जानकारी ली.

## नारायणगढ़ में लोकसेवा ग्यारंटी केंद्र को लेकर कलेक्टर से मिले कांग्रेस नेतागण

ब्रह्मास्त्र ›› मल्हारगढ़

जिला चिक्तिसालय में व्याप्त अनियमितताओ,मल्हारगढ़ मुख्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मागांधी जी की प्रतिमा लगाने के साथ ही पिपलिया, नारायणगढ़ में लोकसेवा ग्यारंटी केंद्र खोलने,पिपलिया में तहसील टप्पा कार्यालय खोलने नीलगाय की बढ़ती समस्या को हल करने की मांग को लेकर कांग्रेसनेता गणो ने कलेक्टर अदिति गर्ग से चर्चा कर विभिन्न ज्ञापन सौपकर समस्याओ के समाधान की मांग की। कांग्रेसनेता एवं विधानसभा प्रत्याशी रहे परशुराम सिसौदिया ने बताया कि इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में कामतेंन सिक्योरिटी सर्विस प्रायवेट लिमिटेड एवं इसकीं एक ओर कम्पनी जिसका नाम स्काई ब्ल्यू है इन दोनों के नाम टेंडर चलते है यह एक ही कम्पनी काम कर रही है ।सिक्योरिटी सर्विस,सफाई का टेंडर,कैंटीन का टेंडर, ओपीडी,आईपीडी का टेंडर,चाय नाश्ता का टेंडर यह सभी टेंडर एक ही कम्पनी को दे रखे है और यह करीब 5 वर्षो से संचालित होरहे है साथ ही जो कर्मचारी काम कर रहे है उन्हें तनख्वा भी गर्वमेंट गाइडलाइन के अनुसार नही दी जा रही है इन टेंडरों में ऐसे कर्मचारियों की भी तनख्वा डाली जारही है जो यहां काम नही करते है। सिसौदिया ने बताया कि ओपीडी ओर आईपीडी का टेंडर जो वर्ष 2025 जनवरी माह में ब्लैक लिस्ट कर दिया था वह टेंडर भी इन्होंने स्काई ब्ल्यू के नाम कर दिया। इसकीं जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होना चाहिए। सिसोदिया ने कलेक्टर से मल्हारगढ़ मुख्यालय पर गांधी जी प्रतिमा शीघ्र लगाने की भी मांग की है ।

## लायंस क्लब श्री शक्ति एवं डॉ.तरुण गुप्ता द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**पिपलिया मंडी।** नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में अग्रणी संस्था लायंस क्लब श्री शक्ति एवं डॉ तरुण गुप्ता फिजियोथैरेपिस्ट पिपलिया मंडी के तत्वाधान में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में कल रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डॉ शुभम चेलावत हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ आकांक्षा त्यागी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अजय व्यास जनरल सर्जन एवं गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ अशोक भट्ट हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील देवड़ा जनरल फिजिशियन डॉ वीणा व्यास दंत रोग विशेषज्ञ डॉ चारू गोयल आहार विशेषज्ञ एवं डाइटिशियन डॉ तरुण गुप्ता फिजियोथैरेपिस्ट अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे शिविर में आने वाले रोगियों को संगतानी लैब पिपलिया मंडी द्वारा सभी जांचों पर 60 परसेंट तक की छूट दी जाएगी साथ ही ईसीजी (हृदय की जांच) भी रियायती दरों पर की जाएगी। क्षेत्र वासियों से निवेदन है कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ ले।

## खंड स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन हुआ

**नीमच।** अंचल की छिपी प्रतिभा को मंच देने और युवाओं मे खेल की प्रति रुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। खेलो एमपी यूथ गेम्स आयोजन प्रभारी/संयोजक श्रीमति मिनाक्षी सिसोदिया और दिपक कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खेल और युवा कल्याण विभाग नीमच द्वारा 15-16 जनवरी 2026 को शा.बा. उ.मा.वि. क्र.2 के खेल मैदान पर विकास खंड स्तरीय खेलो का चयन ट्रायल आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की

# पंजाबी एक्ट्रेस मैंडी ठक्कर ने पति से तलाक लिया

पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस मैंडी ठक्कर और शेखर कौशल का तलाक हो गया है। दोनों का यह तलाक आपसी सहमति से हुआ है। शुक्रवार को दिल्ली के साकेत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट स्थित फैमिली कोर्ट ने दोनों पक्षों की ओर से दायर संयुक्त अर्जी को स्वीकार करते हुए पहले मोशन को मंजूरी दे दी। शेखर और मैंडी ने 13 फरवरी 2024 को चंडीगढ़ में सिख रीति-रिवाजों (आनंद कारज) से और 14 फरवरी 2024 को हिंदू रीति-रिवाजों से शादी की थी। शेखर हिंदू परिवार से संबंध रखते हैं। आपसी मतभेदों के चलते दोनों पिछले काफी समय से अलग-अलग रह रहे हैं। मैंडी ठक्कर फिलहाल मुंबई में रह रही हैं, जबकि शेखर कौशल मोहाली में रहते हैं।

**दिल्ली की फैमिली कोर्ट ने अर्जी मंजूर की 2024 में चंडीगढ़ में की थी शादी**





### आपसी सहमति से तलाक की अर्जी दी

फैमिली कोर्ट में दोनों की ओर से आपसी सहमति से तलाक की अर्जी पेश की गई थी। मैंडी ठक्कर की ओर से पेश हुए एडवोकेट ईशान मुखर्जी ने बताया कि फैमिली कोर्ट ने आपसी सहमति से दायर पहली अर्जी को मंजूरी दे दी है।

### सेटलमेंट की शर्तें गोपनीय, आपसी सहमति से हुआ तलाक

हालांकि, ईशान मुखर्जी ने अलग होने से जुड़ी शर्तों और सेटलमेंट की डिटेल्स पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि सेटलमेंट से जुड़ी सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय हैं। इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से सार्वजनिक रूप से कोई आरोप या बयान सामने नहीं आया है।

### कौन हैं शेखर कौशल कैसे हुई थी मुलाकात

**शिमला में हुई थी पहली मुलाकातः** शेखर कौशल फिटनेस एक्सपर्ट और सीईओ हैं। उनका द मेकर्स नाम से अपना जिम है। शेखर कौशल ने एक इंटरव्यू में मैंडी से मुलाकात की कहानी बताई थी। शेखर ने बताया कि शिमला में हाय मेरी मोटो फिल्म की शूटिंग चल रही थी। इस फिल्म में मैं सेलिब्रिटी का फिटनेस ट्रेनर था।

**शूटिंग के बाद लौटीं मैडी, कहा- भूख लगी हैः** शेखर ने बताया कि बाहर मैंडी का शूट चल रहा था। मैं लिविंग रूम में अकेला बैठा था। जैसे ही मैंडी अपनी शूटिंग का टेक देकर लौटीं तो कहने लगी मुझे भूख लगी है। यहीं पर पहली बार हमारी नजरें एक-दूसरे के साथ मिलीं। इसके बाद बातचीत बढ़ी और दोनों में मुलाकातें होने लगीं।

**निक्कर-टीशर्ट में डेटिंग पर गए थेः** मैंडी ने डेटिंग के लिए बुलाया तो मैं निक्कर-टीशर्ट में चला गया, जिससे पहली डेटिंग कार में चिकन पार्टी से हुई। मैंडी के इंस्टाग्राम प 2.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



## दीपक तिजोरी से लाखों रुपए की ठगी!

**एक्टर का आरोप-फिल्म के लिए फंड दिलाने के नाम पर 2.5 लाख रुपए लिए गए**

फिल्म के लिए फंड दिलाने के नाम पर बॉलीवुड एक्टर दीपक तिजोरी से 2.5 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

यह जानकारी गुरुवार को एक पुलिस अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को दी। पुलिस के अनुसार, दीपक तिजोरी अपनी नई फिल्म के लिए पैसों की व्यवस्था कर रहे थे। इसी दौरान एक दोस्त ने उनकी मुलाकात एक ऐसे व्यक्ति से कराई, जिसने खुद को एक म्यूजिक कंपनी से जुड़ा बताया। जिसके बाद पिछले साल फरवरी में तिजोरी की मुलाकात एक महिला से कराई गई, जिसने खुद को फिल्म प्रोड्यूसर बताया और फिल्म के लिए इन्वेस्टर दिलाने का भरोसा दिया। इसके बदले उसने 5 लाख रुपए की मांग की। इसके बाद तिजोरी ने पहली किस्त के तौर पर 2.5 लाख रुपए दिए। पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपियों ने एक हफ्ते के भीतर एक बड़ी कंटेंट कंपनी का लेटर ऑफ इंटरेस्ट देने का वादा किया और इसके लिए एक एग्रीमेंट भी साइन किया, लेकिन बाद में यह डॉक्यूमेंट नहीं दिया और तिजोरी के फोन और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। जब एक्टर को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने पिछले महीने मुंबई के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में तीनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को जांच के लिए तलब किया जाएगा और मामले की जांच जारी है। गौरतलब है कि दीपक तिजोरी ने आशिकी, दिल है कि मानता नहीं, सड़क, खिलाड़ी और जो जीता वही सिकंदर जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया था। एक्टिंग के अलावा उन्होंने कई फिल्मों का निर्देशन किया, जिनमें ऊप्स, फरेब, टॉम डिक एंड हैरी, दो लफ्जों की कहानी और टिप्सी जैसी फिल्में शामिल हैं।



## श्रद्धा की शादी की अटकलों पर भाई का मजेदार रिएक्शन

**सिद्धांत कपूर बोले- ये तो मेरे लिए भी न्यूज है**

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर को लेकर इन दिनों सोशल मीडिया पर शादी की चर्चाएं तेज हैं। दावा किया जा रहा है कि श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। हालांकि, इस पर अब तक श्रद्धा की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं किया गया है।

दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है। जिसके बाद इन दावों पर श्रद्धा के भाई और एक्टर सिद्धांत कपूर ने मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी। सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हैरानी और हंसी वाले इमोजी के साथ लिखा, ये तो मेरे लिए भी न्यूज है। बता दें कि श्रद्धा और सिद्धांत, दोनों ही एक्टर शक्ति कपूर के बच्चे हैं। पिछले हफ्ते श्रद्धा ने भी अपनी शादी को लेकर चर्चा तब बढ़ा दी थी, जब उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फैन के सवाल का जवाब दिया था। फैन ने पूछा था, श्रद्धा जी शादी कब करोगे? इस पर श्रद्धा ने मजाकिया अंदाज में लिखा था, मैं करूंगी, यू विवाह करूंगी। उनके इस जवाब को फैंस ने शादी की ओर इशारा माना। बता दें कि श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा पहली बार 2024 की शुरूआत में तब हुई, जब दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट के बाद साथ देखा गया था। हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं किया है, लेकिन उन्हें अक्सर साथ स्पॉट किया गया है।



# एआई की मदद से बनी खाटू श्याम पर पहली फिल्म

**कन्हैया मित्तल बोले- एक गाने की उम्मीद थी, बाबा ने पूरी मूवी दे दी**

भक्ति और तकनीक जब एक साथ कदम बढ़ाती हैं, तो आस्था को एक नया स्वरूप मिलता है। ऐसे ही एक अनोखे प्रयोग के साथ सामने आए हैं गायक और कलाकार कन्हैया मित्तल, जो भगवान खाटू श्याम पर आधारित भारत की पहली एआई ड्रिवन फिल्म लेकर आ रहे हैं।

इस फिल्म के जरिए न सिर्फ धार्मिक कथाओं को नए अंदाज में प्रस्तुत किया गया है, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक उपयोग का संदेश भी दिया गया है। कन्हैया मित्तल से हुई इस खास बातचीत में उन्होंने भक्ति, एआई, कला, संघर्ष और अपने आध्यात्मिक सफर पर खुलकर बात की।



**भगवान खाटू श्याम पर एआई आधारित फिल्म लेकर आए हैं आप, इसका विचार आपको कैसे और कब आया?**

खाटू श्याम पर आधारित एआई फिल्म के जरिए हम लोगों को बेसिक चीजें बताना चाहते हैं, जैसे खाटू श्याम के पुनर्जन्म के बारे में, पिछले जन्म में वो कैसे थे, आखिर क्यों उन्हें हारे के सहारे कहा जाता है। तो यही सारी इंफॉर्मेशन हम उस फिल्म के जरिए लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं। रही बात एआई क्यों, तो हम नहीं चाहते कि हम किसी एक्टर को भगवान का दर्जा दें और फिर लोग उसकी पूजा करें, ये हमारे नजरिए से गलत है। जिसके बाद हमने ये रिस्क लिया है। अब घर से निकले हैं तो कुछ करके ही जाएंगे, वरना तजुर्बा लेकर जाएंगे।

**फिलहाल जिस तरह से बॉलीवुड में मायथोलॉजी कैरेक्टर पर एक्टर्स को कास्ट किया जाता है, जैसे रामायण में रणबीर कपूर को, क्या लगता है आपको, क्या वो सही है?**

देखिए, हम एक क्रिएटिव जगत में काम कर रहे हैं। सबकी अपनी मर्जी है कि वो कैसा क्रिएशन करना चाहते हैं। इस पर कोई टिप्पणी नहीं होनी चाहिए। कुछ लोग भोग के तौर पर भगवान को लड्डू चढ़ाते हैं, तो कुछ कचौड़ी। सबकी अपनी श्रद्धा है, सबका अपना मन।

**भक्ति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ये दोनों एक-दूसरे के पूरक कैसे बनेंगे, थोड़ा उसके बारे में भी बताएं?**

भक्ति अगर भोजन में आती है तो प्रसाद बन जाती है, वहीं भक्ति अगर किसी इंसान में आ जाती है तो उसे भगवान के तरीके से पूजा जाता है, हमारे भारत के संतों को देख लीजिए आप। अब हम जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भक्ति को लेकर आएंगे तो लोग उसे और प्यार देंगे, यही हमारा मानना है।

**क्या इस फिल्म के जरिए सिर्फ खाटू श्याम के बारे में बताया गया है या फिर इस फिल्म को बनाने का मकसद कोई और संदेश भी देता है?**

एआई हमारा फ्यूचर है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि लोग इसका काफी गलत इस्तेमाल करते हैं। किसी का भी डीपफेक वीडियो बनाकर उसकी ट्रोलिंग सोशल मीडिया पर शुरू कर देते हैं। मेरा मानना है और यही संदेश देना चाहता हूं कि टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल होना चाहिए। इसे अच्छे काम के लिए यूज करना चाहिए।

**कैसा सफर रहा इस फिल्म को एआई के जरिए बनाने का? क्या ये रास्ता आसान था या फिर मुश्किलों से भरा हुआ?**

आसान तो नहीं था। कभी डायलॉग मैच नहीं हो रहे थे। किसी किरदार को अगर मान लो उठाना हो तो उसमें टाइम लगता था। लेकिन बाबा की कृपा से सारे काम अपने आप होते चले गए। और देखिए, जहां मैं एक गाने की उम्मीद लगाए बैठा था, वहां मुझे पूरी फिल्म मिल गई। और मुझे फिल्म देखने के बाद 90 प्रतिशत लोगों ने यही कहा कि अरे, ये तो रियल शूट लग रहा है।

**आने वाले टाइम में क्या आप आगे भी इसी तरह का कोई और एआई के साथ कोलैबोरेशन करेंगे?**

जी हां, हम बहुत सारी चीजें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर लाने वाले हैं। और इसके लिए हमारे साथ बहुत लोग हैं जो जुड़ना चाहते हैं, पैसा लगाना चाहते हैं। हम उनके लिए भी एक रास्ता बना रहे हैं जिससे वो सेवा कर सकें। आने वाले टाइम में जो सनातन को बनाती है 36 की 36 बिरादरियां जाट, यादव, चमार, वाल्मीकि उन सबको सम्मान देकर कुछ बनाने जा रहे हैं, जिससे उनके बच्चों तक ये इतिहास पहुंचे।

**खाटू श्याम जी ने आपकी जिंदगी कैसे बदली? कैसे भगवान ने आपके जीवन में रोशनी लाई? इस अनुभव के बारे में बताएं।**

इरादे लाख बनते हैं, बनकर टूट जाते हैं,वहीं खाटू जाते हैं जिन्हें बाबा बुलाते हैं। तो मैं भी उनमें से एक हूं जिन्हें बाबा ने बुलाया और रास्ता दिखाया। 7 साल की उम्र से मैं बाबा के गाने गा रहा हूं और आज 28 साल हो गए हैं भजन गाते-गाते। मुझे मंजिल तक नहीं पहुंचना है, बस इस सफर को एंजॉय करना है। बाबा से मिलना तो नहीं, बस उन्हें पाने की चाह मुझे खुश रखती है। मुझे याद है कि 2016 में मैंने गाना गाना छोड़ दिया था। घरवालों ने कहा कि भजन गाना बंद करो और बिजनेस करो। कोविड के दौर में तो वैसे भी हम कहीं गा पा नहीं रहे थे। फैमिली बिजनेस था तो हमने वहीं पकड़ लिया। लेकिन मेरा वहां मन नहीं लगा और मैंने कहा कि मुझे जाने दो म्यूजिकल लाइन में ही।

2016 से पहले मैं परफॉर्मेंस के लिए पैसे नहीं लेता था, लेकिन 2017 में मैंने अपना पहला 1 लाख का चेक लिया। इसके बाद लगा कि आगे कौन देगा, लेकिन उस साल हमने 200 से ज्यादा कार्यक्रम किए बाबा की कृपा से, और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं इस अनुभव को कोई चमत्कार नहीं कहूंगा कि पैसे मिल गए या मैंने कमा लिए, बल्कि चमत्कार वो है जब आपकी शर्तों पर काम होने लगे।

**फिल्मों और गानों के अलावा क्या आने वाले सालों में हम आपको फिर से राजनीति में सक्रिय होता हुआ देखेंगे?**

मैं अब राजनीति से परे हूं। मैं संगीत और अपनी कला के लिए बना हूं। अगर राजनीति में मुझे गायन से सेवा करने का मौका मिले, किसी दिन योगी आदित्यनाथ को जरूरत होगी, तो वो मैं जरूर करूंगा। एक कलाकार के जीवन में लड़ना नहीं, बल्कि उभरना और लोगों को भगवान से जोड़ना लिखा होता है, जो मैं कर रहा हूं।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश से मैच, भारत के दूसरी जीत का मौका

# आज कोहली का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं वैभव सूर्यवंशी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुलावायो

14 साल के वैभव सूर्यवंशी आज विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। वे 4 रन बनाने के साथ यूथ वनडे में इंडिया के टॉप स्कोरर की लिस्ट में कोहली को पीछे छोड़ देंगे। वैभव शनिवार को अंडर-19 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ खेलने उतरेंगे। यह मैच बुलावायो में दोपहर एक बजे से खेला जाएगा।


इस मुकाबले में भारतीय टीम के पास इस टूर्नामेंट में दूसरी जीत हासिल करने का मौका होगा। टीम इंडिया ने पहले मुकाबले में वरअ पर 6 विकेट की जीत हासिल की थी। 2 दिन पहले 15 जनवरी को खेले गए इस मैच में वैभव सूर्यवंशी 2 रन ही बना सके थे।

### कोहली के रिकॉर्ड से 3 रन दूर वैभव

यूथ वनडे में भारत के टॉप स्कोरर की लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी 8वें नंबर पर हैं। उनके नाम 19 मैचों में 975 रन हैं। वे विराट कोहली से 3 रन पीछे हैं। विराट ने 28 मैचों में 978 रन बनाए हैं।

### भारत ने 70% से ज्यादा मैच जीते

प्रीवियस रिकॉर्ड में भारतीय टीम बेहतर है। अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 70% से ज्यादा मैच जीते हैं। दोनों के बीच अब तक 7 मैच खेले गए हैं, इनमें से 5 भारतीय टीम ने जीते हैं। जबकि, 2 मैच बांग्लादेश के नाम रहे हैं।




### अभिज्ञान भारत के टॉप स्कोरर, हेनिल को 5 विकेट

इस टूर्नामेंट में भारत ने एक मैच ही खेला है। इस मैच में अभिज्ञान कुंदू ने 42 रन बनाए थे। वहीं, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने सात ओवरों में 16 रन देकर पांच विकेट लिए हैं।

### बांग्लादेश पहला मैच खेलेगा

बांग्लादेश की टीम इस वर्ल्डकप अपना पहला मैच खेल रही है। ऐसे में टीम पहला मैच जीतकर मजबूत शुरूआत करना चाहेगी। टीम के पास जावेद अबरार, कलाम सिद्दिकी जैसे बल्लेबाज है। वहीं, बॉलिंग लाइन में इकबाल हुसैन और शाहरीर अहमद जैसे नाम हैं।

### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारत:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, विहान मल्होत्रा, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश पंगालिया, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन, खिलन पटेल।
**बांग्लादेश:** अजीजुल हकीम तमीम (कप्तान), जवाद अबरार, रिफत बेग, कलाम सिद्दीकी, मोहम्मद अब्दुल्ला, शेख परवेज जिबोन, फरीद हसन फैसल, समिउन बसीर रतुल, अल फहद, साद इस्लाम रजिन, इकबाल हुसैन।

# जडेजा के शतक से जीता सौराष्ट्र

चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में, पंजाब को 9 विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

सौराष्ट्र ने चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पंजाब को 9 विकेट से हराया। हरविक देसाई की कप्तानी वाली टीम ने 292 रनों का टारगेट 39.3 ओवर में एक विकेट पर हासिल कर लिया।

पंजाब ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 291 रन बनाए। सौराष्ट्र की ओर से विश्वराज जडेजा ने 127 बॉल पर नाबाद 165 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 18 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। प्रेरक मांकड़ ने नाबाद 52 और कप्तान हरविक देसाई ने 64 रन बनाए। खिताबी मुकाबले में सौराष्ट्र का सामना पिछले साल की रनरअप विदर्भ की टीम से होगा। यह मैच 18 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे से बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर खेला जाएगा। रन चेज में ओपनर्स ने 172 रन की साझेदारी की 292 रन का टारगेट चेज करने उतरी सौराष्ट्र ने मजबूत शुरूआत की।

# केरल के एसएआई हॉस्टल में 2 खिलाड़ियों के शव मिले




फंदे से लटके थे, दोनों लड़कियों की उम्र 15-17 साल, सुसाइड नोट नहीं मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ केरल

केरल के कोल्लम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया हॉस्टल में गुरुवार को दो नाबालिग स्पोर्ट्स ट्रेनी के शव कमरे में फंदे से लटके मिले। पुलिस के मुताबिक, दोनों छात्राएं स्पोर्ट्स कोचिंग ले रहीं थी और हॉस्टल में ही रह रहीं थीं। मृत लड़कियों की पहचान कोझिकोड जिले की सैंड्रा (17) और तिरुवनंतपुरम जिले की वैष्णवी (15) के रूप में हुई है।

सैंड्रा एथलेटिक्स की ट्रेनी थी और 12वीं में पढ़ रही थी, जबकि वैष्णवी कबड्डी खिलाड़ी थी और क्लास 10वीं की छात्रा थी। घटना से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों के शव एक ही कमरे में लटके मिले घटना गुरुवार सुबह करीब पांच बजे सामने आई, जब हॉस्टल के बाकी साथी ट्रेनी स्पोर्ट्स प्लेयर्स ने देखा कि दोनों लड़कियां सुबह की ट्रेनिंग सेशन में नहीं आईं। दरवाजा बार-बार खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो हॉस्टल अधिकारी दरवाजा तोड़कर अंदर गए। वहां दोनों लड़कियां पंखों से लटकी मिलीं। पुलिस के अनुसार वैष्णवी अलग कमरे में रहती थी, लेकिन बुधवार रात वह सैंड्रा के कमरे में सोने आई थी। हॉस्टल की अन्य लड़कियों ने सुबह दोनों को देखा भी था। मौत का कारण अभी पता नहीं- पुलिस कोल्लम ईस्ट पुलिस अब जांच में जुटी है। अधिकारियों ने बताया कि हॉस्टल में रहने वाली अन्य खेल छात्राओं, उनके ट्रेनर्स और दोनों लड़कियों के परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## सूर्यकुमार यादव पर बयान से विवाद

# खुशी मुखर्जी के खिलाफ 100 करोड़ का मानहानि दावा



### कहा था सूर्या मुझे मैसेज करते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को लेकर दिए गए एक बयान के बाद एक्ट्रेस और मॉडल खुशी मुखर्जी विवाद में आ गई हैं। सूर्यकुमार के समर्थक फैजान अंसारी ने खुशी मुखर्जी के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का दावा किया है। इसकी शिकायत गाजियापुर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है।

फैजान अंसारी का आरोप है कि खुशी मुखर्जी ने सूर्यकुमार यादव को लेकर जानबूझकर ऐसे बयान दिए, जिससे एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। उनका कहना है कि ये बयान बिना किसी सबूत के और गलत नीयत से दिए गए हैं।

**खुशी ने कहा था सूर्या मुझे मैसेज करते थे** खुशी मुखर्जी ने कुछ दिन पहले दावा किया था कि सूर्यकुमार यादव उन्हें पहले अक्सर मैसेज किया करते थे, हालांकि उन्होंने साफ किया कि उनके बीच कभी कोई रोमांटिक रिश्ता नहीं रहा। खुशी ने कहा था, 'मैं किसी भी क्रिकेटर को डेट नहीं करना चाहती। मेरे पीछे बहुत सारे क्रिकेटर हैं। सूर्यकुमार यादव मुझे पहले बहुत मैसेज किया करते थे, लेकिन अब हम ज्यादा बात नहीं करते और मैं किसी तरह का जुड़ाव नहीं चाहती। मुझे अपने नाम से जुड़े किसी भी तरह के लिंक-अप पसंद नहीं हैं।

वहीं, विवाद बढ़ने के बाद इंटरव्यू में खुशी ने कहा था कि सूर्यकुमार के साथ उनका कोई रोमांटिक रिलेशनशिप नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी बातों को गलत समझा गया और बिना सही संदर्भ के उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। एक्ट्रेस ने यह भी कहा था कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया था। खुशी ने बताया था कि पहले वह सूर्यकुमार से सिर्फ दोस्त की तरह बात करती थीं, लेकिन अब उनका उनसे कोई संपर्क नहीं है।

# बांग्लादेश क्रिकेट ने डायरेक्टर नजमुल को हटाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम को हटा दिया गया है। खिलाड़ियों के विरोध और बढ़ते दबाव के बीच बीसीबी ने यह फैसला लिया है।

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश ने नजमुल इस्लाम के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अल्टीमेटम दिया था कि अगर वे गुरुवार दोपहर 1 बजे तक अपने पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो खिलाड़ी क्रिकेट के सभी फॉर्मेट का बहिष्कार करेंगे। नजमुल ने बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कहा था। सीडब्ल्यूएबी का आरोप है कि नजमुल इस्लाम की टिप्पणियों से खिलाड़ियों का अपमान हुआ है। इस मामले को सुलझाने के लिए सीडब्ल्यूएबी और बीसीबी के अधिकारियों के बीच बातचीत भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद सीडब्ल्यूएबी ने एक शहर के होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना रुख स्पष्ट किया। खिलाड़ियों ने अपने फैसले पर कायम रहते हुए तय समय से कई घंटे पहले तक मैदान पर न आने का फैसला किया। इसके चलते बांग्लादेश प्रीमियर लीग का ओपनिंग मैच अपने निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सका।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500


**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

अपर्चुनिटीज फंड्स से

## पांच साल में मिला 27 फीसदी लाभ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉरपोरेट बदलाव, नीतिगत फैसलों और अस्थायी चुनौतियों से गुजर रही कंपनियों पर दांव लगाने वाले अपर्चुनिटीज फंड्स ने बीते पांच वर्षों में 27 फीसदी तक रिटर्न दिया है। नीचे से ऊपर की रणनीति और बिना सेक्टर या मार्केट कैप की पाबंदी के इन फंड्स ने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया है। सवाल यह है कि क्या खास परिस्थितियों में निवेश की यह रणनीति लंबी अवधि में भी ऐसे ही मौके बनाती रहेगी?


कॉरपोरेट पुनर्गठन, सरकारी नीतियों या नियमों में बदलाव, किसी सेक्टर में उथल-पुथल लेकिन अस्थायी चुनौतियों से गुजरने वाली स्थितियों पर आधारित अपर्चुनिटीज फंडों ने पांच साल में 27 फीसदी तक रिटर्न दिया है। ये योजनाएं नीचे से ऊपर की ओर चुनने की रणनीति अपनाती हैं। इसमें बाजार पूंजीकरण या सेक्टर की कोई पाबंदी नहीं होती।

आंकड़ों के मुताबिक, फ्रैंकलिन इंडिया फंड ने पांच साल में 20.69 फीसदी रिटर्न दिया है। सुंदरम सर्विसेस ने 19.04 फीसदी फायदा दिया है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल की अपर्चुनिटीज स्कीम ने 27 फीसदी का लाभ दिया है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो विशेष स्थितियों की थीम पर काम करती है। इस स्कीम ने निवेशकों को बेहतर निवेश अनुभव देते हुए सात साल पूरे कर लिए हैं। स्कीम में सात साल पहले लगाए गए दस लाख अब 37.76 लाख हो गए हैं। सालाना 21 फीसदी का लाभ। यही रकम स्कीम के बेंचमार्क निफ्टी-500 टीआरआई में 28 लाख (15.97 फीसदी) हुई है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल की स्कीम ने एक साल में 13 फीसदी, तीन साल में 23 व पांच साल में 27 फीसदी रिटर्न दिया है।

टैरिफ के बावजूद सरकार ने दिए बड़ी डील के संकेत

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत तेज



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच एक बड़े व्यापार समझौते को लेकर द्विपक्षीय बातचीत फिर शुरू हो गई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, ऊंचे टैरिफ की चुनौतियों के बावजूद अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तुओं का निर्यात बढ़ा है। ऐसे में दोनों देश एक सफल डील की कवायद में है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

दुनिया में जारी व्यापारिक तनाव के बीच भारत और अमेरिका एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा हे कि दोनों देश सक्रिय रूप से व्यापार वार्ता कर रहे हैं और एक सकारात्मक नतीजे की उम्मीद है। सरकार की ओर से यह एलान ऐसे समय पर किया गया है जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

**टैरिफ के निर्यात पर असर के बारे में क्या बोले वाणिज्य सचिव-** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को साफ किया कि अमेरिका की ओर से लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बावजूद, अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में सकारात्मक वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह इजाफा भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अमेरिकी बाजार में उनकी बढ़ती मांग के बारे में बताता है। वाणिज्य सचिव ने कहा, दोनों पक्ष (व्यापार वार्ता में) लगे हुए हैं... और दोनों पक्षों को लगता है कि एक व्यापार समझौता संभव है।

### कितना जरूरी है भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता?

- इस व्यापारिक सौदे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने ही इस दिशा में उच्च स्तरीय संवाद हुआ है।
- दिसंबर में केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर के बीच एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।
- इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक बाधाओं को दूर करना और द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए रोडमैप तैयार करना था।
- यह वार्ता केवल टैरिफ कटौती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बाजार पहुंच, सेवाओं का व्यापार और निवेश नियमों के सरलीकरण जैसे महत्वपूर्ण पहलू भी शामिल होने की संभावना है।

### दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते का क्या होगा असर?

- भारत और अमेरिका के बीच यदि यह व्यापारिक समझौता धरातल पर उतरता है, तो इसका सीधा प्रभाव कई प्रमुख क्षेत्रों पर पड़ेगा-
- एमएसएमइ और लघु उद्योगः भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमसएमई) के लिए अमेरिकी बाजार के द्वार और अधिक सुगमता से खुलेंगे, जिससे निर्यात आधारित रोजगार सृजित होंगे।
- तकनीक और फार्मास्युटिकलः भारत के आईटी सेवा क्षेत्र और दवा निर्यात को इस समझौते से नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।
- नीतिगत स्थिरताः एक औपचारिक समझौता व्यापारिक नियमों में स्पष्टता लाएगा, जिससे दोनों देशों के निवेशकों के बीच विश्वास बढ़ेगा।

### अब आगे क्या हो सकता है?

- वाणिज्य सचिव के बयान से साफ है कि भारत अब केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि अमेरिकी बाजार में मौजूद चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए तैयार है। हालांकि व्यापार वार्ता से जुड़ी बातचीत के विवरण आने अभी शेष हैं, लेकिन 'दोनों पक्षों की सकारात्मक भावना' एक बड़े आर्थिक गठजोड़ का संकेत है। आने वाले महीनों में होने वाली बैठकों में जो समझौते होंगे वे भविष्य की रुपरेखा तय करेंगे।

8वें वेतन आयोग का इंतजार

## क्या देरी होने से कर्मचारियों को होगा वित्तीय नुकसान?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आठवें वेतन आयोग के गठन में देरी के बावजूद सरकारी कर्मचारियों को एरियर के माध्यम से पूरा लाभ मिलने की उम्मीद है। जानें कब लागू हो सकता है नया वेतनमान और कैसे होगी एरियर की गणना।

केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारी और पेंशनभोगी वर्तमान में एक बड़े वेतन संशोधन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हालांकि सरकार की ओर से अभी तक 8वें वेतन आयोग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन प्रशासनिक गलियारों और कर्मचारी संगठनों के बीच इसे लेकर चर्चाएं तेज हैं,। 10 साल के पारंपरिक अंतराल के आधार पर कर्मचारी एक नई वेतन संरचना की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन आधिकारिक पुष्टि के अभाव में अभी भी संशय बना हुआ है।

**सवालः** आठवें वेतन आयोग को लेकर वर्तमान में भ्रम की स्थिति क्यों बनी हुई है?

**जवाबः** आमतौर पर सरकार हर 10 साल में एक नए वेतन आयोग का गठन करती है। पिछला यानी 7वां वेतन आयोग 1 जनवरी 2016 से प्रभावी हुआ था। इस परंपरा के आधार पर सरकारी कर्मचारियों का मानना है कि 8वें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू हो जाना चाहिए। हालांकि, अब तक सरकार ने इस संबंध में कोई औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं की है, इससे यह वर्तमान में केवल अटकलों का विषय बना हुआ है।

**सवालः** नए वेतन आयोग के गठन और कार्यान्वयन में देरी क्यों हो रही है?

**जवाबः** वेतन आयोग की प्रक्रिया काफी जटिल और लंबी होती है। सरकार को सबसे पहले एक आयोग का गठन करना होता है जो वेतन, भत्तों और पेंशन का गहन अध्ययन करता है। इसके बाद आयोग अपनी सिफारिशें सरकार को सौंपता है, इसकी समीक्षा और अनुमोदन में समय लगता है। चूंकि यह पूरी प्रक्रिया मैन्युअल तरीके से संचालित होती है, इसलिए सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल समाप्त होते ही वेतन अपने आप नहीं बढ़ता। रिपोर्टों के अनुसार, इसका कार्यान्वयन इस वर्ष के मध्य या 2027 की शुरूआत तक खिंच सकता है।


**सवालः** क्या कार्यान्वयन में देरी से कर्मचारियों को वित्तीय नुकसान होगा?

**जवाबः** नहीं, इतिहास को देखें तो वेतन आयोग के कार्यान्वयन में देरी होने पर भी कर्मचारियों को वित्तीय नुकसान नहीं होता है।

एनएसई की समझौता याचिका पर सेबी राजी, जल्द आएगा आईपीओ

# बायोकॉन ने जुटाए 4,150 करोड़ रुपये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




पूंजी बाजार नियामक सेबी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के अनुचित बाजार पहुंच मामले के संबंध में दायर समझौते की याचिका पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। इससे उम्मीद है कि एक्सचेंज के आईपीओ को सेबी जल्द मंजूरी दे सकता है। सेबी चेयरमैन तुहिनकांत पांडे ने कहा, सरकार ने एनएसई के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत बड़ी कंपनियां आईपीओ में 2.5 फीसदी हिस्सा बेच सकेंगी। मुंबई में एक कार्यक्रम में पांडे ने कहा, एनएसई का समझौता आवेदन सेबी की विभिन्न समितियों के समक्ष प्रक्रियाधीन है, लेकिन सैद्धांतिक रूप से समझौते पर सहमत हैं। एनएसई 2016 से आईपीओ लाने की कोशिश कर रहा है। को-लोकेशन के कारण इसे सेबी से मंजूरी नहीं मिल पाई है। इस मामले में आरोप लगाया गया था कि चुनिंदा ब्रोकरों को एक्सचेंज तक तरजीही पहुंच प्रदान की गई थी। लंबे समय तक चले कानूनी विवाद के बाद एक्सचेंज ने आरोपों को निपटाने और आईपीओ के साथ आगे बढ़ने के लिए 2025 में 1,388 करोड़ रुपये का भुगतान करने की पेशकश की।

बायोकॉन ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट (क्यूआईपी) प्रक्रिया के माध्यम से 4,150 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने 5 रुपये अंकित मूल्य के 11.26 करोड़ इक्विटी शेयर योग्य संस्थागत खरीदारों को 368.35 रुपये प्रति शेयर के भाव पर जारी किए। 12 जनवरी को शुरू और 14 जनवरी को बंद हुए क्यूआईपी को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के समूह से अच्छा रिस्पांस मिला।

**साउथ इंडियन बैंक का मुनाफा 9 फीसदी बढ़ा-** साउथ इंडियन बैंक का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 9.3 फीसदी बढ़कर 374 करोड़ रुपये हो गया।?इस दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 3,003 करोड़ रुपये पहुंच गई।?बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को बताया, दिसंबर तिमाही में उसकी ब्याज आय भी बढ़कर 2,518 करोड़ हो गई।?सकल एनपीए घटकर कुल ऋण का 2.67 फीसदी रह गया।

**सोनी इंडिया का राजस्व बढ़कर 7,851 करोड़-** सोनी इंडिया का परिचालन राजस्व 2024-25 में 2.44 फीसदी बढ़कर 7,851.08 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, लाभ 6 फीसदी घटकर 157.03 करोड़ रुपये रहा। सरकारी विभाग के पास जमा दस्तावेजों से पता चलता है कि कुल आय 2.45 फीसदी बढ़कर 7,917.54 करोड़ रुपये रही। अमेरिका, चीन और जापान के बाद भारत सोनी का चौथा बड़ा बाजार है। कंपनी का लक्ष्य कुछ वर्षों में भारत में तीसरा सबसे बड़ा वैश्विक बाजार बनना है।

**एनसीडी से पीएफसी जुटाएगी 5,000 करोड़-** पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का तीसरा सुरक्षित, रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) इश्यू 16 जनवरी से खुलेगा। 30 महीनों के बाद इसएनसीडी इश्यू के जरिये कंपनी 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने बताया, इसका आधार इश्यू आकार 500 करोड़ रुपये है। ओवरसब्सक्रिप्शन स्वीकार करने का ग्रीन-शू विकल्प भी इसमें शामिल है। इश्यू 30 जनवरी को बंद होगा।

बुलियन मार्केट में तेजी बरकरार

# चांदी 2.89 लाख और सोना 1.47 लाख के रिकॉर्ड स्तर पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के सरार्फा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों ने नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। चांदी 2.89 लाख प्रति किलोग्राम और सोना 1.47 लाख प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक शिखर पर पहुंच गया है। जानिए सरार्फा बाजार का विस्तृत हाल।

भारतीय सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल जारी है। दिल्ली के सरार्फा बाजार में गुरुवार को चांदी की कीमतों में 3,000 की भारी बढ़त दर्ज की गई, जिससे यह 2,89,000 प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इसी तरह, सोने की कीमतों में भी लगातार पांचवें दिन तेजी जारी रही और यह 1,47,300 प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक शिखर पर जा पहुंचा। यह तेजी मुख्य रूप से स्टॉकिस्टों, आभूषण विक्रेताओं और खुदरा उपभोक्ताओं की निरंतर खरीदारी के कारण आई है। चांदी की कीमतों में पिछले पांच सत्रों में करीब 16 प्रतिशत या 45,500 की जबरदस्त वृद्धि हुई है। 8 जनवरी को चांदी 2,43,500 प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब 2,89,000 पर पहुंच गई है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब चांदी ने रिटर्न के मामले में सोने को पीछे छोड़ दिया है। 31 दिसंबर 2025 से अब तक चांदी 21 प्रतिशत का रिटर्न दे चुकी है। दूसरी ओर, सोने की कीमतों में गुरुवार को 800 की बढ़त देखी गई। साल 2026 की शुरूआत से अब तक पीली धातु में करीब 7 प्रतिशत या 9,600 की वृद्धि दर्ज की गई है। यह घरेलू स्तर पर सोने की बढ़ती मांग और निवेशकों के बीच इसके प्रति अटूट भरोसे को दर्शाता है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि चांदी अब केवल एक आभूषण धातु नहीं रह गई है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण रणनीतिक धातु के रूप में उभर रही है। पीएल वेल्थ मैनेजमेंट के हेड (प्रोडक्ट्स एंड फैमिली ऑफिसेस) राजकुमार सुब्रमण्यम के अनुसार, चांदी वर्तमान चक्र में निवेश मांग और औद्योगिक परिवर्तन के चौराहे पर बैठी है।

## नगदी मामला: सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज की

### जज वर्मा पर जारी रहेगा महाभियोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा की याचिका खारिज कर दी। इसमें उन्हें पद से हटाने की मांग वाले प्रस्ताव को स्वीकार करने के फैसले और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे संसदीय पैनल की वैधता को चुनौती दी थी। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया जारी रहेगी।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा, जस्टिस वर्मा को राहत नहीं दी जा सकती। पीठ ने 60 पन्नों के फैसले में जस्टिस वर्मा की उस दलील को ठुकरा दिया, जिसमें कहा गया था कि एक सदन में प्रस्ताव अस्वीकार होने पर दूसरे सदन में कार्यवाही स्वतः रद्द हो जाती है। कोर्ट ने कहा कि न्यायाधीशों की जांच अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो यह सुझाव दे कि एक सदन में प्रस्ताव अस्वीकृत होने पर दूसरे सदन को कानून के अनुसार आगे बढ़ने से रोक दे। इसलिए, याची की ओर से पेश इस तर्क में कोई कानूनी आधार नहीं है। पीठ ने कहा, यदि याचिकाकर्ता द्वारा एक सदन में नोटिस की अस्वीकृति के परिणामस्वरूप दूसरे सदन में नोटिस के स्वचालित रूप से विफल होने की व्याख्या स्वीकार करते हैं तो इसके बहुत व्यापक और गंभीर परिणाम होंगे।

कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की इस आशंका को भी खारिज कर दिया कि अगर उपसभापति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले होते, तो वे पक्षपाती हो सकते थे। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसी स्थिति आती भी है, तो खुद को अलग करने या जरूरत के सिद्धांत से इसे सुलझाया जा सकता है। पीठ ने कहा कि सभापति शब्द की इस तरह से व्याख्या करना असंगत होगा जिससे संवैधानिक रिक्तता पैदा हो और रिक्ति के दौरान जांच अधिनियम काम न कर पाए।

पीठ ने उन दलीलों को भी खारिज कर दिया कि जजों की जांच अधिनियम में ह्यसभापतिह्न शब्द को संकीर्ण रूप से पढ़ा जाए ताकि उपसभापति को बाहर रखा जा सके। कोर्ट ने कहा, किसी कानून को संविधान में दिए प्रावधानों की अनदेखी करके नहीं पढ़ा जा सकता।

### प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप इंडिया की 10वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

# अगले 10 वर्षों में स्टार्टअप के दम पर दुनिया का नेतृत्व करें : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



### फ्रर चीफ बोले- हमलों के बावजूद परंपरा जीवित

भागवत ने कहा कि सदियों से हमलों, कठिनाइयों और तबाही के बावजूद भारत की परंपराएं और मूल मूल्य जीवित रहे हैं, जिन्होंने अपने अंदर अच्छे संस्कार, धर्म और मूल्य बचाकर रखे, वही हिंदू कहलाए, और ऐसे लोगों की भूमि को भारत कहा गया। आरएस प्रमुख ने कहा कि अगर भारत के लोग अच्छे, ईमानदार और मजबूत चरित्र वाले बनते हैं, तो वही गुण दुनिया के सामने देश की पहचान बनेंगे।

### आज असम में, अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के स्टार्टअप्स से अपील की है कि ह्यस्टार्टअप इंडियाह्न का अगला दशक भारत को नवाचार के क्षेत्र में दुनिया की अगली कतार में खड़ा करने वाला होना चाहिए। उन्होंने स्टार्टअप से जुड़े लोगों से आह्वान किया कि आने वाले 10 वर्षों में डीप टेक्नोलॉजी, विनिर्माण और वैश्विक नेतृत्व पर ध्यान दें।

सरकार हर कदम पर स्टार्टअप्स के साथ है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं का साहस, आत्मविश्वास और नए विचार भारत का भविष्य गढ़ रहे हैं। क्रांति बन चुकी ह्यस्टार्टअप इंडियाह्न : भारत मंडपम में ह्यस्टार्टअप इंडियाह्न की 10वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबंधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप देश के आर्थिक और तकनीकी भविष्य को आकार दे रहे हैं। आज स्टार्टअप इंडिया एक क्रांति बन चुकी है, जिसकी वजह से भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है।

### विदेश जाकर सीखें, भारत को मजबूत करें : भागवत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि युवाओं को ज्ञान अर्जित करने के लिए विदेश जाने में संकोच नहीं करना चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि उनका ज्ञान और कौशल अंततः भारत के विकास के काम आए। छत्रपति संभाजीनगर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे भागवत यहां एक युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ह्यज्ञान प्राप्त करने के लिए विदेश जाना गलत नहीं है, लेकिन उस ज्ञान का उपयोग भारत के हित में होना चाहिए। देश की प्रगति और भविष्य के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) के प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी (लोकल) सामान के इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि जहां तक हो सके, देश में बना हुआ सामान ही खरीदें। अगर कोई चीज भारत में नहीं बन सकती, तभी उसे बाहर से मंगाना चाहिए। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक हिंदू सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत इंटरनेशनल ट्रेड कर रहा है, लेकिन किसी देश के दबाव में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई देश टैरिफ लगाए या दबाव बनाए, भारत ने आत्मनिर्भर बनने का रास्ता चुन लिया है और उसी पर चलना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को असम पहुंचेंगे। इस दौरान वह अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे। इस पूर्वोत्तर राज्य में मोदी का यह एक महीने से भी कम समय में दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप चला रहे लोगों से कहा कि अब सिर्फ डिजिटल सेवाओं तक सीमित न रहें। विनिर्माण पर भी ज्यादा ध्यान दें, जिससे कि दुनिया के सबसे अच्छे उत्पाद भारत में तैयार हो सकें। पीएम ने कहा, पहले देश में जोखिम लेने से लोग डरते थे, लेकिन

## दिल्ली में ग्रैप-3 फिर लागू, निर्माण कार्यों पर पाबंदी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने पर ग्रैप-3 के प्रतिबंध फिर से लागू कर दिए गए। इसके तहत निर्माण और ध्वस्तीकरण से जुड़े कामों पर रोक जारी रहेगी। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गुरुवार शाम चार बजे 343 दर्ज किया गया, वहीं शुक्रवार शाम चार बजे यह आंकड़ा बढ़कर 354 हो गया। आईएमडी और आईआईटीएम द्वारा मौसम एवं मौसमी परिस्थितियों के पूवार्नुमान के अनुसार, कम हवा की गति, स्थिर वातावरण और प्रदूषक कणों के फैलाव के अभाव के कारण आने वाले दिनों में एक्यूआई का स्तर 400 अंक पार कर गंभीर श्रेणी में पहुंच सकता है। इन स्थितियों को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप-3 की पाबंदियां लगाने का फैसला किया। ये पाबंदियां दिल्ली-एनसीआर में पहले से लागू ग्रैप के पहले और दूसरे चरण के तहत लागू पाबंदियों के अतिरिक्त होंगी। ग्रैप-3 के तहत गैर-जरूरी निर्माण, विध्वंस कार्य, पत्थर तोड़ने और खनन गतिविधियों पर रोक रहेगी। दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में बीएस-3 के पेट्रोल और बीएस-4 के डीजल संचालित चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली में डीजल संचालित पुराने मालवाहक पर रोक रहेगी। पांचवी तक के छात्रों को हाइब्रिड मोड में पढ़ाया जाएगा।


### बीते वर्ष 1617 लोगों की हादसों में मौत, 2024 की तुलना में 4.26 फीसदी अधिक

# दिल्ली में सड़कों पर पैदल चलने वाले सबसे ज्यादा जान गंवा रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर बढ़ी है। वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 1617 लोगों ने जान गंवाई, जोकि बीते सात वर्षों में सबसे अधिक दर्ज की गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े बता रहे हैं कि सड़क पर पैदल यात्री सबसे अधिक असुरक्षित हैं। मरने वालों में 40 फीसदी लोग पैदल यात्री थे।

वर्ष 2025 में कुल 5689 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1578 दुर्घटनाएं घातक रहीं, जिनमें 1617 लोगों की मौतें हुईं। वर्ष 2019 से पिछले साल अंत तक मौतों का यह सबसे अधिक आंकड़ा है। विश्लेषण करें तो वर्ष 2024 की तुलना में बीते वर्ष कुल दुर्घटनाओं में भले ही मामूली 0.57 फीसदी की वृद्धि हुई, लेकिन घातक दुर्घटनाओं में 4.92 फीसदी और मौतों में 4.26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।




### ऐसी दुर्घटनाएं घटीं, जिनमें कोई घायल नहीं

सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों की संख्या वर्ष 2025 में 5314 रही, जोकि उससे पिछले वर्ष की तुलना में 1.7 फीसदी अधिक है। वर्ष 2024 में 5224 लोग घायल हुए थे। इसके विपरीत, बिना चोट वाली दुर्घटनाओं में 27.4 की गिरावट आई है, जोकि चिंता का विषय है। वर्ष 2025 में ऐसे 61 मामले रहे, जबकि वर्ष 2024 में ऐसी 84 सड़क दुर्घटनाएं थीं।

**ये हैं कारण :** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनाओं में मृत्यु अधिक होने के पीछे कई कारण हैं। इनमें सड़को पर यातायात घनत्व में वृद्धि, तेज गति में वाहन दौड़ाना, नशे में गाड़ी चलाना, लाल बत्ती का उल्लंघन करना, हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं लगाना प्रमुख वजह हैं। अधिकारी की मानें तो पैदल यात्रियों के लिए वाहनों की रफ्तार काल बनी है। पिछले वर्ष 330 पैदल यात्रियों की मौत के मामलों में यही नहीं पता चल पाया कि दुर्घटना किस वाहन से हुई। इस कारण आरोपी पकड़े नहीं जा सके।

### गणतंत्र दिवस परेड में नदियों के नाम पर दीघाएं

26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए रक्षा मंत्रालय ने दर्शक दीघाओं का नामकरण नदियों के नामों जैसे गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र आदि से करने का फैसला किया है। अभी तक इनके नाम ए, बी, सी और फिर अंकों के साथ होते थे। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मौजूद व्यवस्था में वीआईपी कल्चर झलकता था लेकिन अब हर दर्शक खंड का नाम एक नदी के नाम पर होगा। इससे यह भाव खत्म हो जाएगा कि कोई खंड वीआईपी का है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर केंद्रीत होगा जबकि सेना की तैयारियों को बैटल ऐरे स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। परेड को देखने के लिए 77 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इनमें 10 हजार खास मेहमान हैं।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण सतीन्दर सिंह पिता श्री सुरजीत सिंह निवासी-49, दशहरा मैदान, उज्जैन एवं तरणजीत सिंह पिता श्री महेंन्द्र सिंह निवासी 47, पागनीसपागा, इन्दौर से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-176/2/1 रकबा 0.230 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-175/3/1 रकबा 0.100 हेक्टयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.330 हेक्टयर भूमि स्थित ग्राम पंथपिपलई तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर 31 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़, एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन**
**मोबाइलः 9993079516-9425094349**

## अमेरिका बोला- एच-1बी वीजा फीस एक बार लगेगी

# अमेरिकी राजदूत की ईरान को चेतावनी:ट्रम्प एक्शन लेते हैं; जवाब- हमला किया तो छोड़ेंगे नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में अमेरिका ने गुरुवार को ईरान को कड़ा संदेश दिया है। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर हो रही क्रूर दमनकारी कार्रवाई को रोकने के लिए सभी विकल्प खुले हैं।

उन्होंने ईरान के लोगों की बहादुरी की सराहना की और कहा कि ईरान के लोगों ने इतिहास में कभी भी इतने जोरदार तरीके से आजादी की मांग नहीं की। वाल्ट्ज ने कहा, ह्यट्रम्प एक्शन लेने वाले इंसान हैं, लंबी-लंबी बातें करने वाले नहीं।ह्ल

उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के नेतृत्व को पता होना चाहिए कि अमेरिका इस नरसंहार को रोकने के लिए कोई भी कदम उठा सकता है। 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की इस बैठक में ईरान के उप-राजदूत ने जवाब दिया कि उनका देश टकराव नहीं चाहता, लेकिन अगर अमेरिका की ओर से कोई आक्रामक कदम उठाया गया तो ईरान जवाब देगा।

अमेरिका ने ईरान सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए वठ में अमेरिका के प्रतिनिधि माइक वॉल्ट्ज ने बैठक में ईरान सरकार की कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट के कारण यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर कितनी सख्ती की है।

वॉल्ट्ज ने कहा, 'ईरान सरकार का यह दावा कि हाल में हुए प्रदर्शनों के पीछे विदेशी ताकत हैं, यह दिखाता है कि ईरानी सरकार अपने ही लोगों से डर रही है। साथ ही सारा इल्जाम दूसरों के मत्थे मढ़ रही है।



### व्हाइट हाउस बोला- ट्रम्प के दबाव में 800 लोगों की फांसी रुकी

ट्रम्प ने कई बार ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों की हत्या जारी रही तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

गुरुवार को ट्रम्प ने बताया कि हत्याएं अब कम हो रही हैं। व्हाइट हाउस ने भी पुष्टि की कि ट्रम्प के दबाव के बाद ईरान ने 800 लोगों की फांसी की योजना रोक दी है।

संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने परिषद को बताया कि ये प्रदर्शन तेजी से फैले। इसमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है।

मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक 3,428 प्रदर्शनकारियों की मार डाला गया, जबकि 18,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सका है। उन्होंने ईरान सरकार से अपील की है कि प्रदर्शन से जुड़े मामलों में किसी भी फांसी को रोका जाए। सभी मौतों की पारदर्शी जांच हो और कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने ब्रीफिंग के दौरान कहा कि राष्ट्रपति और उनकी टीम ने ईरानी शासन से कहा है कि हत्याएं जारी रहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने ब्रीफिंग के दौरान कहा कि राष्ट्रपति और उनकी टीम ने ईरानी शासन से कहा है कि हत्याएं जारी रहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

## ऑपरेशन स्वदेश- ईरान से भारतीयों को एयरलिफ्ट करेगी सरकार: पहला विमान आज तेहरान से दिल्ली आएगा

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

ईरान में जारी सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार ने वहां से भारतीयों को एयरलिफ्ट करने की तैयारी कर ली है। सरकार ने भारतीयों की वापसी के लिए ऑपरेशन स्वदेश शुरू किया है। पहली विशेष फ्लाइट आज तेहरान से नई दिल्ली पहुंचेगी। ईरान में इस समय करीब 10 हजार भारतीय नागरिक मौजूद हैं, जिनमें छात्र, कारोबारी और पेशेवर शामिल हैं। इसमें से 2500-3000 स्टूडेंट हैं, जो मेडिकल की पढ़ाई के लिए वहां गए थे। विदेश मंत्रालय ने ईरान की यात्रा से बचने की सलाह भी दी है। जम्मू और कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने एक बयान में कहा, सभी छात्रों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। भारतीय दूतावास ने उनकी पर्सनल डिटेल और पासपोर्ट इकट्ठा कर लिए हैं। पहले बैच को शुक्रवार सुबह 8 बजे तक तैयार रहने की जानकारी दे दी गई है।

पहले बैच में गोलेस्तान यूनिवर्सिटी, शाहिद बहेश्ती यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज और तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के कुछ स्टूडेंट्स शामिल हैं। फाइनल लिस्ट देर रात शेयर की जाएगी।

### विदेश मंत्रालय ने हेल्पलाइन नंबर और ईमेल जारी किया

एडवाइजरी में कहा गया है कि ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों अपने पासपोर्ट,वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स हमेशा अपने पास तैयार रखें। इस संबंध में किसी भी मदद के लिए वे भारतीय दूतावास से संपर्क करें। दूतावास ने आपातकालीन संपर्क हेल्पलाइन भी जारी की हैं। मोबाइल नंबर: +989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359। ईमेल: cons.tehran@mea.gov.in

ईरान में मौजूद वे सभी भारतीय नागरिक जिन्होंने अभी तक भारतीय दूतावास में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे इस लिंक (https://www.meaers.com/request/home) के माध्यम से रजिस्टर्ड करें। यह लिंक दूतावास की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। यदि ईरान में इंटरनेट बाधित होने के कारण कोई भारतीय नागरिक पंजीकरण करने में असमर्थ है, तो भारत में उनके परिवार के सदस्यों से अनुरोध है कि वे उनकी ओर से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची का फोन आया। उन्होंने ईरान के हालातों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय (एए) ने भारतीय नागरिकों को ईरान ना जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ईरान में लगभग 10,000 भारतीय नागरिक मौजूद हैं। भारत सरकार की यह एडवाइजरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रम्प की उस धमकी के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि अगर ईरान देशभर में हो रहे



## पाकिस्तान के पूर्व पीएम की करनाल प्रॉपर्टी पर ट्विस्ट

ब्रह्मास्त्र ›› कराची

पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री रहे नवाब लियाकत अली खान की 4 हजार करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी के केस में हरियाणा सरकार ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में अपना जवाब दे दिया है। इसमें कहा गया है कि इस जमीन का कस्टोडियन केंद्र सरकार के पास नहीं है। याचिकाकर्ताओं के एडवोकेट्स का कहना है कि सरकार की तरफ से जो रिप्लाई हाईकोर्ट में दिया गया है, वह नेगेटिव है। हालांकि, इस मामले में अभी केंद्र सरकार और उइक का रिप्लाई नहीं आया है। इसी वजह से हाईकोर्ट में अगली सुनवाई अब 3 फरवरी को होगी।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि भूमाफिया फर्जी वारिस खड़े कर जमीन खुर्द-बुर्द कर रहा है। इसमें अफसरों और नेताओं की भी मिलीभगत है, इसलिए इसकी उइक जांच करवाई जानी चाहिए। याचिकाकर्ताओं के वकील इंदुबाला, करूणा शर्मा और रामकिशन का कहना है कि सरकार ने यह याचिका खारिज करने की मांग की है।

बता दें कि नवाबजादा लियाकत अली खान की पारिवारिक जमीन करनाल के गांव डबकौली खुर्द में है। याचिका में यह जमीन 1200 एकड़ बताई है, जिसमें करनाल शहर

# वेनेजुएलाई नेता ने अपना नोबेल पुरस्कार ट्रम्प को दिया: मचाडो के प्रेसिडेंट बनने की चर्चा थी

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो से मुलाकात की। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा करने के बाद यह उनकी किसी भी वेनेजुएलाई नेता से पहली आमने-सामने की मुलाकात थी।

मुलाकात के बाद माचाडो ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल भेंट किया है। उन्होंने कहा, ह्यमुझे लगता है कि आज हम वेनेजुएलावासियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मचाडो ने ट्रम्प को अपना पुरस्कार सौंपने के बारे में बताया, लेकिन उन्होंने दूसरी कोई जानकारी नहीं दी। वहीं, व्हाइट हाउस ने भी यह नहीं बताया कि ट्रम्प ने मेडल स्वीकार किया या नहीं।



व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद मचाडो ने बाहर जुटे समर्थकों से स्पेनिश में कहा, 'हम राष्ट्रपति ट्रम्प पर भरोसा कर सकते हैं।' हालांकि ट्रम्प ने अब तक माचाडो को वेनेजुएला की नई नेता के रूप में समर्थन नहीं दिया है। इसकी बजाय वे वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ काम कर रहे हैं।

### नोबेल संस्थान बोला- पदक के मालिक बदल सकते हैं, लेकिन उपाधि नहीं

ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं। जब यह मचाडो को मिला तो उन्होंने नाराजगी जताई। दूसरी ओर नोबेल कमेटी ने पहले कहा था कि नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसे रद्द नहीं किया जा सकता।

### कैपिटल हिल में बैठक के दौरान मचाडो ने सीनेटर टेड क्रूज को गले लगाया।

वहीं, गुरुवार को व्हाइट हाउस में हुई बैठक से पहले नोबेल संस्थान ने पर पोस्ट कर बताया कि एक पदक के मालिक बदल सकते हैं, लेकिन नोबेल शांति पुरस्कार विजेता की उपाधि नहीं बदल सकती। अक्टूबर 2025 में मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें ह्यवेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके प्रयासों और तानाशाही से शांतिपूर्ण लड़ाईह्ल के लिए यह सम्मान मिला था। मचाडो ने ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार देते हुए 1825 में अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के हीरो मार्क्विस डे लाफायेट का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, '200 साल पहले मार्क्विस डे लाफायेट ने जॉर्ज वॉशिंगटन की तस्वीर वाला मेडल साइमन बोलिवर को दिया था, जो अमेरिका और वेनेजुएला के बीच स्वतंत्रता की लड़ाई में भाईचारे का प्रतीक था।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | ■ | ■ | ■ | 14 | | |
| | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | |
| 18 | 19 | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 22 | | | | | | |

**बाएं से दाएं**

1. भगवान, ईश्वर, रब-7
6. रुपए का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य, कीमत, दर-2
10. जी, इच्छा, चित-2
11. नल्का, टोंटी-2
13. बारीक, सूक्ष्म-3
14. रेखा, लाइन-3
15. रग, नाड़ी-2
17. अधिकार-2
18. वध, कत्ल, मर्डर-2
20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करा-4, 3

**ऊपर से नीचे**

2. निर्माण, बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2, 3
10. चिंतन-3
12. उत्साह, जिज्ञासा-3
16. हद, सीमा, बार्डर-4
17. हमेशा, सदैव-4
19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ही | ■ | कर | ■ | प | ■ | ह | क |
| ला | ■ | सा | पा | ■ | प | श | ■ | हा |
| म | त | ली | ■ | सां | ■ | क | ला | र |
| ■ | ल | ■ | च | प | ल | ■ | ह | ■ |
| प | ब | रा | ना | ■ | ध | प | ल | ता |
| ■ | ग | ■ | व | हा | र | ■ | हा | ■ |
| प | र | म | ■ | मि | ■ | प | ज | ह |
| ला | ■ | द | ल | ■ | क | द | ■ | बे |
| ई | ख | ■ | म्हा | ■ | नी | ■ | डा | ली |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 40 | | 45 | | 32 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 6 | | 45 | | 1 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 3 | | 70 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 10 | | 5 | | 5 | = | 30 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 15 | | 39 | | 15 | | 35 | = | 3 / 4 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ज | य | ज | ज | ल | व |
| रा | ज | ल | प्र | क्ल | ला | य | ना | ज | र्का | इ |
| य | प | आ | हे | ज | टी | ना | अ | व | प | रू |
| ई | नौ | व | क्र | ध | वा | स | त | ल | ट | प |
| प | ना | ह | प्या | र | तो | हो | स | ही | था | त |
| अ | न | क | प | र | स्व | ल | वी | ण | ई | व |
| द | बु | व | न | ट्रे | रू | झ | र | ज | व | र |
| क | र | कृ | प | क्श | प | क | र | चो | श | ख |
| र | व | त | ति | रा | हे | प | य | अ | रे | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | प | द |
| क | इ | क | अ | ध | ज | वि | त्र | य | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

000000000

संता - पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको जाना कहां है?
संता - कही नहीं... बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।

000000000

पति - आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर गिर गई थी और आंख लग गई थी।


0000000000

सोनू मोनू आपस में बात कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।

000000000

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो... नींद झक मार के आएगी।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# क्या आदमी प्रेग्नेंट हो सकता है- अमेरिकी सांसद का सवाल:

# भारतवंशी डॉक्टर बोलीं- ये पॉलिटिकल सवाल, कई पेशेंट खुद को महिला नहीं मानतीं



**अमेरिका की सीनेट में हुई एक सुनवाई के दौरान प्रेग्नेंसी और जेंडर को लेकर तीखी बहस हुई। इस दौरान भारतीय मूल की अमेरिकी स्त्री रोग एक्सपर्ट डॉ. निशा वर्मा ने इस सवाल का सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया कि क्या पुरुष प्रेग्नेंट हो सकते हैं।**

## सांसद बोले- प्रेग्नेंट महिलाएं होती हैं, पुरुष नहीं

सुनवाई के दौरान रिपब्लिकन सांसद जोश हॉले ने डॉ. वर्मा से पूछा था की- 'क्या पुरुष प्रेग्नेंट हो सकते हैं?' इस पर डॉ. वर्मा ने सीधा हां या ना में जवाब नहीं दिया। उन्होंने इसे पॉलिटिकल सवाल बताया। डॉ. वर्मा ने कहा कि वे ऐसे मरीजों का इलाज करती हैं जो खुद को महिला नहीं मानतीं हैं। दरअसल गुरुवार को अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 'हेल्थ, एजुकेशन, लेबर और पेंशेंट कमेटी' की सुनवाई थी। इसका मकसद 'महिलाओं की सुरक्षाः केमिकल अबॉर्शन दवाओं के खतरों को उजागर करना' था। डॉ. निशा वर्मा डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से गवाही देने पहुंचीं थीं।

### पढ़िए अमेरिकी सांसद के सवाल और भारतवंशी डॉक्टर के जवाब...

सीनेटर जोश हॉले- क्या पुरुष प्रेग्नेंट हो सकते हैं?

डॉ. निशा वर्मा- मुझे समझ नहीं आ रहा कि इस सवाल का मकसद क्या है।

सीनेटर जोश हॉले- इसका मकसद एक जैविक सच्चाई को समझना है। क्या पुरुष प्रेग्नेंट हो सकते हैं?

डॉ. निशा वर्मा- मैं ऐसे लोगों का इलाज करती हूं जिनकी पहचान अलग-अलग होती है।

सीनेटर जोश हॉले- क्या पुरुष प्रेग्नेंट हो सकते हैं?

डॉ. निशा वर्मा- जैसा कि मैं कह रही हूं

सीनेटर जोश हॉले- आपने कहा कि विज्ञान और सबूतों से फैसले होने चाहिए। क्या पुरुष प्रेग्नेंट हो सकते हैं? आप डॉक्टर हैं।

डॉ. निशा वर्मा- विज्ञान और सबूतों से ही इलाज को दिशा मिलनी चाहिए।

सीनेटर जोश हॉले- क्या विज्ञान और सबूत यह बताते हैं कि पुरुष प्रेग्नेंट हो सकते हैं?

डॉ. निशा वर्मा- मुझे लगता है कि ऐसे हां-ना वाले सवाल राजनीति के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।


## अबॉर्शन दवाओं पर 100 से ज्यादा साइंटिफिक रिसर्च हुए

**डॉ. वर्मा एक प्रेग्नेंसी हेल्थ एडवाइजर हैं और फिजिशियंस फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ से जुड़ी हुई हैं। अपने शुरूआती बयान में उन्होंने मेडिकल अबॉर्शन का बचाव किया और कहा कि ये दवाएं लंबे समय से इस्तेमाल में हैं और सुरक्षित हैं।**

उन्होंने बताया कि अबॉर्शन दवाओं पर 100 से ज्यादा साइंटिफिक रिसर्च हो चुके हैं और ये दवाएं सुरक्षित और असरदार साबित हुई हैं। उनके मुताबिक, साल 2000 में मंजूरी मिलने के बाद से अमेरिका में अब तक 75 लाख से ज्यादा लोगों ने अबॉर्शन पिल्स का इस्तेमाल किया है। सीनेटर हॉले ने बार-बार उनसे सीधा जवाब देने को कहा और जोर दिया कि यह सवाल राजनीति का नहीं बल्कि बायोलॉजी का है। उन्होंने कहा कि वह एक डॉक्टर के तौर पर डॉ. वर्मा की विश्वसनीयता परख रहे हैं।

जवाब में डॉ. वर्मा ने कहा कि ऐसे सवाल मरीजों की सच्चाई को बहुत आसान तरीके से देखने की कोशिश करते हैं और इन्हें अक्सर राजनीतिक मकसद से इस्तेमाल किया जाता है।

### प्रेग्नेंट होने के लिए क्या जरूरी?




सोर्स- मेडिकल न्यूज टुडे



**डॉ. निशा वर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने मेडिकल और पब्लिक हेल्थ की पढ़ाई की है। वे अमेरिका की हेल्थ पॉलिसी बनाने में सलाह दे चुकी हैं।**

**जोश हॉले ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि प्रेग्नेंट महिलाएं होती हैं, पुरुष नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. वर्मा बायोलॉजी की बुनियादी सच्चाई को स्वीकार नहीं कर रहीं और ऐसे में उनकी गवाही पर भरोसा करना मुश्किल है।**

उन्होंने यह भी कहा कि अबॉर्शन दवाओं से 11% मामलों में सीरियस हेल्थ प्राबल्मस होती हैं, जो फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन(ऋड्डअ) की जानकारी से ज्यादा हैं और यह सुनवाई महिलाओं की सुरक्षा के लिए है। डॉ. वर्मा ने कहा कि वे साइंस से प्रेरणा लेती हैं और अपने मरीजों के अनुभवों को बता रही हैं। ध्रुवीकरण वाली भाषा और सवाल इस मकसद को पूरा नहीं करते।

### क्या पुरुष प्रग्नेंट हो सकते हैं?

अमेरिकी वेबसाइट मेडिकल न्यूज टूडे के मुताबिक आमतौर पर पुरुष प्रेग्नेंट नहीं हो सकते। जो लोग पुरुष प्रजनन अंगों के साथ पैदा होते हैं और पुरुष के रूप में रहते हैं, उनके लिए प्रेग्नेंसी संभव नहीं होती। लेकिन कुछ ट्रांसजेंडर पुरुष और नॉन-बाइनरी लोग प्रेग्नेंट हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी तभी संभव होता है जब किसी इंसान के पास गर्भाशय यानी यूटरस हो। गर्भाशय वही अंग है जहां बच्चे का विकास होता है। पुरुष प्रजनन अंगों में लिंग और अंडकोष होते हैं, लेकिन गर्भाशय नहीं होता। 'पुरुष' और 'महिला' शब्द जेंडर को बताते हैं, जो समाज से जुड़ी पहचान होती है। जेंडर किसी इंसान के सामाजिक रोल, व्यवहार और पहचान से जुड़ा होता है। वहीं बायोलॉजिकल सेक्स शरीर के अंगों पर आधारित होता है। जेंडर और सेक्स एक जैसे नहीं होते और जेंडर व्यक्ति की अपनी पहचान पर निर्भर करता है।

प्रेग्नेंसी के लिए गर्भाशय और अंडाशय जरूरी अक्सर जन्म के समय लोगों को पुरुष या महिला माना जाता है। जो लोग अपने जन्म के समय दिए गए जेंडर के साथ खुद को जोड़ते हैं, उन्हें सिसजेंडर कहा जाता है। सिसजेंडर पुरुष, चाहे वे पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाएं प्रेग्नेंट नहीं हो सकते। लेकिन कुछ लोग जन्म के समय महिला माने जाते हैं, जबकि बाद में वे खुद को पुरुष या जेंडर नॉन-कनफॉर्मिंग मानते हैं। ऐसे कई लोगों के शरीर में गर्भाशय और अंडाशय मौजूद रहते हैं। इसी वजह से वे प्रेग्नेंट हो सकते हैं और बच्चे को जन्म दे सकते हैं। जेंडर नॉन-कनफॉर्मिंग मतलब कोई इंसान लड़का या लड़की होकर भी वैसा न बर्ताव करे जैसा समाज आम तौर पर उनसे उम्मीद करता है।

# ट्रम्प पाकिस्तान-बांग्लादेश समेत 75 देशों के लिए वीजा सर्विस रोकेंगे

**अमेरिका ने 75 देशों के लिए 21 जनवरी से वीजा जारी करने की पूरी प्रोसेस रोकने का फैसला किया है। इसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी देश हैं।**

फॉक्स न्यूज के मुताबिक, यह फैसला अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक मेमो के आधार पर लिया गया है। इस फैसले का मकसद अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या कम करना है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब वह अपनी उस कानूनी शक्ति का इस्तेमाल करेगा, जिसके तहत ऐसे लोगों को वीजा देने से रोका जा सकता है, जिनके बारे में आशंका हो कि वे अमेरिका आकर सरकारी मदद या वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हो सकते हैं।

अमेरिकी दूतावासों और कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे वीजा आवेदनों को तब तक खारिज करें, जब तक जांच और सत्यापन की प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा नहीं हो जाती। इस रोक को कितने समय तक लागू रखा जाएगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई।

### अमेरिका इमिग्रेशन सिस्टम का गलत इस्तेमाल रोकना चाहता है

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अमेरिका की इमिग्रेशन व्यवस्था के गलत इस्तेमाल को खत्म करना चाहता है और उन लोगों को रोकना चाहता है जो अमेरिकी जनता के पैसे का फायदा उठाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि इन 75 देशों के लिए इमिग्रेंट वीजा की प्रक्रिया तब तक रोकी जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं।

इस नए फैसले का असर टूरिस्ट, बिजनेस या अन्य अस्थायी वीजा पर नहीं पड़ेगा। इसमें इस साल होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप को देखने आने वाले लोग भी शामिल हैं, हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने सभी वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने की बात कही है।

### 75 देशों की लिस्ट जारी

दुनिया के कई देशों को शामिल करते हुए एक पूरी लिस्ट जारी की गई है। इस लिस्ट में एशिया, अफ्रीका, यूरोप, कैरिबियन और नार्थ-साउथ अमेरिका के देश शामिल हैं।

### एशिया महाद्वीप के देश

अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, बांग्लादेश, भूटान, बर्मा (म्यांमार), कंबोडिया, ईरान, इराक, जॉर्डन, कजाकिस्तान, कुवैत, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, सीरिया, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान और यमन।

### अफ्रीका महाद्वीप के देश

अल्जीरिया, कैमरून, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, कांगो, मिस्त्र, इरिट्रिया, इथियोपिया, गैम्बिया, घाना, गिनी, हैती, लाइबेरिया, लीबिया, मोरक्को, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, रवांडा, सेनेगल, सिएरा लियोन, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान, तंजानिया, टोगो, ट्यूनीशिया और युगांडा।

### यूरोप महाद्वीप के देश

रूस, अल्बानिया, बेलारूस, बोस्निया, जॉर्जिया, कोसोवो, मैसेडोनिया (नॉर्थ मैसेडोनिया), मोल्दोवा और मोंटेनेग्रो।

### उत्तर अमेरिका (कैरिबियन सहित)

एंटीगुआ और बारबुडा, बहामास, बारबाडोस, बेलीज, क्यूबा, डोमिनिका, ग्रेनाडा, हैती, जमैका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लुसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइन्स।

### दक्षिण और सेंट्रल अमेरिकी देश

ब्राजील, कोलंबिया, उरुग्वे, ग्वाटेमाला और निकारागुआ। ट्रम्प गैर यूरोपीय देशों का इमिग्रेशन कम करना चाहते हैं

■ वर्ष-12 अंक-76 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 17 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

भगवद् गीता किञ्चिदधीता, गङ्गा जललव कणिकापीता।
सकृदपि येन मुरारि समर्चा, क्रियते तस्य यमेन न चर्चा॥

**भावार्थ** : जिन्होंने भगवदगीता का थोडा सा भी अध्ययन किया है, भक्ति रूपी गंगा जल का कण भर भी पिया है, भगवान कृष्ण की एक बार भी समुचित प्रकार से पूजा की है, यम के द्वारा उनकी चर्चा नहीं की जाती है।

योगरतो वाभोगरतोवा, सङ्गरतो वा सङ्गवीहिनः।
यस्य ब्रह्मणि रमते चित्तं, नन्दति नन्दति नन्दत्येव॥

**भावार्थ** : कोई योग में लगा हो या भोग में, संग में आसक्त हो या निसंग हो, पर जिसका मन ब्रह्म में लगा है वो ही आनंद करता है, आनंद ही करता है।

## सम्पादकीयम्

## अपि लुप्तः आसीत्

यावत् पाकिस्तानस्य विषयः अस्ति, तस्य कस्यचित् मध्यस्थतायाः विषये तस्य कोऽपि आक्षेपः नास्ति। पुराणी त्रुटिः : प्रथमपदे अपि भारत-पाकिस्तान-सम्बन्धानां गम्भीरताम् अवगन्तुं डोनाल्ड ट्रम्पः अपि लुप्तः आसीत्। तस्मिन् काले सः कश्मीर-प्रकरणे मध्यस्थतां प्रस्तावितवान्, अमेरिकी-सरकाराः तु तत् परिहरन्ति स्म। भारतं कदापि संवादं कर्तुं विमुखं न अभवत्। पूर्वं भारतेन सीमायां शान्तिं कर्तुं बहवः प्रयासाः कृताः, परन्तु परिस्थितिः दृष्ट्वा, बाह्यदबावं विना च एतादृशः कोऽपि प्रयासः करणीयः अग्रे गन्तुं समयः : ट्रम्पस्य दावा उभयतः अङ्गीकृतः स्यात्, परन्तु इन्डो-अमेरिकनसम्बन्धस्य सन्दर्भे, पुरातनं वस्तु इति स्वीकृत्य अग्रे गन्तुं श्रेयस्करम्। ट्रम्पः अद्यैव तनावस्य न्यूनीकरणस्य प्रयासं कृतवान् आसीत् तथा च इन्डो-अमेरिकन-सम्बन्धानां विशेषत्वेन वर्णनं कृतवान् आसीत्। इत्यस्य जन्मदिनस्य अवसरे तौ नेतारौ अपि दूरभाषेण वार्ताम् अकरोत्। अस्मिन् समये अमेरिकी-दलः भारते व्यापार-सौदान्तरे वातालापं कर्तुं अस्ति। अतः भवान् अतीतेन सह अग्रे गन्तुं एतस्य अवसरस्य उपयोगं कर्तुं शक्नोति। तनावस्य कारणानि : ट्रम्पः मे-मासस्य १० दिनाङ्के युद्धविरामात् दर्जनशः वारं पुनः पुनः कृतवान् यत् भारतस्य पाकिस्तानस्य च मध्ये शान्तिः आसीत्, अन्यथा परमाणुयुद्धम् आगतं आसीत। भारतस्य अस्वीकारस्य अभावे अपि ट्रम्पः स्वस्य दावान् न त्यक्तवान्।

### मुख्यमन्त्री उमर अब्दुल्लाः 2026 तमस्य वर्षस्य पर्यटनपञ्चाङ्गं डिजिटलपोर्टलञ्च

# वैश्विकपर्यटननक्शे जम्मू-कश्मीरं सुदृढं करोति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीरस्य पर्यटन-अर्थव्यवस्थां नवीन-उच्चतां प्राप्तुं महत्त्वपूर्णं कदमम् तदा गृहीतम् यदा मुख्यमन्त्री उमर-अब्दुल्लाः २०२६ तमस्य वर्षस्य पर्यटन-पञ्चाङ्गं औपचारिकरूपेण विमोचितवान् तथा च पर्यटन-कश्मीर इति अत्याधुनिकं डिजिटल-पोर्टल् प्रारब्धवान् उपत्यकायाः हृदये आयोजिते आयोजने शीर्षसरकारीधिकारिणां, पर्यटन-उद्योग-प्रतिनिधिनां, होटेल-धारकाणां, स्थानीय-हितधारकाणां च उपस्थित्या स्पष्टं जातं यत् वर्तमान-सर्वकारः पर्यटनं न केवलं उद्योगरूपेण अपितु जम्मू-कश्मीरस्य समग्र-विकासस्य मेरुदण्डरूपेण पश्यति अस्मिन् अवसरे वदन् मुख्यमन्त्री अवदत् यत् परिवर्तनशीलवैश्विकसन्दर्भे पर्यटनस्य अङ्कीयनवाचारस्य, सुदृढमूलसंरचनायाः च सह एकीकरणं घण्टायाः आवश्यकता अस्ति, एषा च दृष्टिः एतेषां नूतनानां उपक्रमानाम् आधारः अस्ति।

२०२६ तमस्य वर्षस्य पर्यटनपञ्चाङ्गः केवलं तिथीनां संग्रहः नास्ति, अपितु जम्मू-कश्मीरस्य विविधतायाः, संस्कृतिस्य, प्राकृतिकसौन्दर्यस्य च दृश्ययात्रा अस्ति। पञ्चाङ्गस्य प्रत्येकं मासे द्रोणिकायाः भिन्नवर्णः चित्रितः अस्ति, यत्र शिशिरस्य हिमाच्छादितद्रोणीः, वसन्तस्य पुष्पितानि ट्युलिप् उद्यानानि, ग्रीष्मकालस्य लसत्पर्वताः, शरदस्य सुवर्णदृश्यानि च सन्ति पर्यटनविभागस्य अधिकारिणां मते वर्षद्वयात् पूर्वमेव एतत् पञ्चाङ्गं विमोचयितुं उद्देश्यं भवति यत् घरेलु-अन्तर्राष्ट्रीय-पर्यटकाः, यात्रा-संस्थाः, भ्रमण-सञ्चालकाः च स्वस्य यात्रा-यात्रा-कार्यक्रमस्य पूर्वमेव योजनां कर्तुं शक्नुवन्ति अन्तर्राष्ट्रीयपर्यटनविपण्ये जम्मू-कश्मीरस्य उपस्थितिं अधिकं सुदृढं कर्तुं रणनीत्याः भागः इति एतत् कदमः मन्यते।

अस्मिन् अवसरे प्रारब्धः पर्यटनकश्मीर-डिजिटल-पोर्टल्-प्रौद्योगिक्याः माध्यमेन पर्यटनं अधिकं पारदर्शकं, सुलभं, विश्वसनीयं च कर्तुं सर्वकारस्य दृष्टिः प्रतिबिम्बयति`. इदं पोर्टल् यात्रिकाणां कृते एकविण्डो-मञ्चरूपेण विकसितम् अस्ति, यत्र मौसमस्य अद्यतनीकरणं, यात्रापरामर्शः, अनुज्ञापत्रसूचना, सांस्कृतिकघटनानां पञ्चाङ्गं, आभासीभ्रमणं च इत्यादीनि विशेषतानि प्राप्यन्ते उच्चगुणवत्तायुक्तानि चित्राणि, उपयोक्तृ-अनुकूल-निमार्णं च माध्यमेन उपत्यकायाः सौन्दर्यं विश्वे अङ्कीयरूपेण प्रदर्शयितुं प्रयत्नः कृतः अस्ति। अधिकारिणः वदन्ति यत् एतत् पोर्टल् सर्वेषु उपकरणेषु समानरूपेण कार्यं करिष्यति, यत्र मोबाईलफोन, टैब्लेट्, सङ्गणकं च सन्ति, येन पर्यटकाः कुत्रापि सूचनां प्राप्तुं शक्नुवन्ति।

### राष्ट्रियविज्ञानपुरस्कारं

## प्राप्तवान् इति मिथ्यारूपेण पुणेनगरे गृहीतः प्राध्यापकः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

महाराष्ट्रस्य पुणेनगरस्य निजमहाविद्यालयस्य रसायनशास्त्रविभागस्य एकं प्राध्यापकं राष्ट्रियस्तरीयं विज्ञानपुरस्कारं प्राप्तवान् इति मिथ्यारूपेण दावान् कृतवान्, मन्त्रालयस्य नामधेयेन पत्रं च निर्मितवान् इति ज्ञात्वा पुलिसैः गृहीतम्। सोमवासरे पुलिसेन उक्तं यत् अभियुक्तः प्रोफेसर वीरेन्द्रसिंह यादवः जालसाजीदस्तावेजस्य उपयोगेन प्रतिष्ठितं शान्तिस्वरूपभटनगरपुरस्कारं प्राप्तवान् इति प्रचारं कृतवान् यद्यपि २०२३ तमे वर्षे पुरस्कारः विच्छिन्नः अभवत्, तस्य स्थाने नूतनवर्गः राष्ट्रीयविज्ञानपुरस्कारः इति पुरस्कारः प्राप्तः। सम्पूर्णः प्रकरणः तदा आरब्धः यदा यादवः २०२५ तमस्य वर्षस्य सेप्टेम्ब-मासस्य १३ दिनाङ्कस्य पत्रं कल्पयित्वा स्वसहकारिणां परिचितानाञ्च मध्ये प्रसारितवान्। पत्रे विज्ञानप्रौद्योगिकीराज्यमन्त्री जितेन्द्रसिंहस्य नाम हस्ताक्षरं च दृश्यते स्म, यत्र यादवः २०२५-२६ वर्षस्य शांतिस्वरूपभटनगरपुरस्काराय चयनितः इति दावा करोति स्म। पत्रस्य प्रादुर्भावेन वैज्ञानिकसमुदाये हलचलः जातः, परन्तु शङ्का एव अभवत्, यतः पुरस्कारः अधुना नास्ति। क्रमेण पत्रस्य छायाचित्रं अन्तर्जालद्वारा प्रकटितुं आरब्धम्, ततः मन्त्रालयस्य अधिकारिणः सम्पूर्णविषये सचेष्टिताः अभवन्। अन्वेषणं कृत्वा तत्क्षणमेव मन्त्रालयेन स्पष्टीकृतं यत् एतादृशं पत्रं न निर्गतम्, न च कस्मैचित् प्राध्यापकेन एतत् सम्मानं प्रदत्तम्। यदा एषः विषयः गतिं प्राप्तवान् तदा पुणेनगरस्य राष्ट्रियसायनिकप्रयोगशालायां पुलिसशिकायतां दाखिला। शिकायतया आधारेण पुलिसैः अभियुक्तं प्राध्यापकं निरुद्धं कृत्वा सोमवासरे न्यायालये प्रस्तुतं कृतम्।

## मेडिकल कॉलेजस्य तत्कालीनः संयुक्तनिदेशकः अधीक्षकः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

२०१२-१३ तमे वर्षे नेताजी सुभाषचन्द्रबोस मेडिकल कॉलेजस्य तत्कालीनः औषधविक्रेता २००९ तमे वर्षे औषधक्रयणनीतेः प्रावधानानाम् उल्लङ्घनं कृत्वा मेडिनोवा औषधकम्पनीतः ७.६३ कोटिरूप्यकाणां औषधानि शल्यक्रियासामग्रीश्च क्रीतवान्, येन कथितं यत् १.२५ कोटिरूप्यकाणां अतिरिक्तं भुक्तिः अभवत् अन्वेषणस्य अनन्तरं ईओडब्ल्यू इत्यनेन त्रयाणां व्यक्तिनां विरुद्धं प्रकरणं पञ्जीकृतम् अस्ति। ईओडब्ल्यू-अधिकारिणः अवदन् यत् अन्वेषणेन ज्ञातं यत् जबलपुर-चिकित्सा-महाविद्यालयेन २०११-१२ वित्तीयवर्षस्य कृते संस्थायाः औषधानां, शल्यक्रिया-सामग्रीणां च क्रयणार्थं निविदा जारीकृता अस्ति। सामग्री आपूर्तिसम्बद्धे प्रथमपञ्चनिविदाकारानाम् असहमतिकारणात् जबलपुरस्य डीनचिकित्सालये तैनातवित्तपदाधिकारिणा बोलीदातृणां एल-०१ एल-०५ इत्यस्मै सुरक्षानिक्षेपं जप्तं कृत्वा स्वस्य मतं दत्तं।

## राशिफल

**मेष** : कामकाज में आपकी मेहनत साफ नजर आएगी और अधिकारी आपके काम से खुश हो सकते हैं।

**वृषभ** : खर्च थोड़े बढ़ सकते हैं, इसलिए फालतू खर्च से बचना बेहतर रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने से मन को सुकून मिलेगा।

**मिथुन** : आने वाले समय में काम आ सकते हैं। करियर से जुड़े रुके हुए काम आगे बढ़ सकते हैं।

**कर्क** : परिवार में किसी बात को लेकर चिंता हो सकती है, लेकिन बातचीत से समाधान निकल आएगा।

**सिंह** : मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी और लोग आपकी बातों को गंभीरता से लेंगे। पैसों की स्थिति मजबूत होने के योग हैं।

**कन्या** : पैसों को लेकर कोई भी फैसला सोच-समझकर लें। प्रेम संबंधों में भरोसा बनाए रखना जरूरी होगा।

**तुला** : कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और नतीजे आपके पक्ष में रहेंगे। पैसों की स्थिति मजबूत रहेगी।

**वृश्चिक** :यात्रा या किसी नए काम की शुरुआत संभव है। पैसों का लाभ होगा। मन खुश रहेगा और दिन भर ऊर्जा बनी रहेगी।

**धनु** : पैसों से जुड़े मामलों में सोच-समझकर फैसला लें। घर का माहौल सुखद रहेगा। सेहत में धीरे-धीरे सुधार महसूस होगा।

**मकर** : दोस्तों और सहयोगियों का साथ मिलेगा। प्रेम जीवन में समझ और तालमेल बना रहेगा।

**कुंभ** : नौकरीपेशा लोगों को नई ज़िम्मेदारी मिल सकती है। पैसों की स्थिति सामान्य से बेहतर रहेगी।

**मीन** : परिवार और रिश्तों में मिठास रहेगी। सेहत ठीक रहेगी और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र ग्रह ने बदली चाल, 5 फरवरी तक रहेंगे मकर राशि में और इन राशियों को मिल सकती है खुशखबरी

शुक्र अब धनु राशि की अपनी यात्रा को विराम देते हुए मकर राशि में प्रवेश कर चुके हैं। जो 5 फरवरी तक इसी राशि में रहेंगे।

ज्योतिष में शुक्र ग्रह को शुभ और अच्छा फल देने वाला ग्रह माना जाता है। शुक्र को सुख, वैभव, विलासिता, धन लाभ और सुख-सुविधाओं का दाता ग्रह माना जाता है। जिन जातकों के जीवन में शुक्र का प्रभाव अच्छा होता है उनको हर एक तरह की सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होती है। शुक्र एक राशि में करीब एक माह के बाद राशि परिवर्तन करते हैं। शुक्र अब साल 2026 में शनि देव के स्वामित्व वाली राशि मकर में प्रवेश करने जा रहे हैं। आपको बता दें शुक्र 13 जनवरी 2026 को सुबह करीब 3 बजकर 40 मिनट पर मकर राशि में गोचर कर चुके हैं। शुक्र के मकर राशि में गोचर करने से सभी 12 राशियों के जातकों के जीवन पर गहरा



प्रभाव देखने को मिलेगा। कुछ राशि वालों पर शुक्र के गोचर का विशेष लाभ मिलेगा। आइए जानते हैं कौन-कौन सी हैं वे भाग्यशाली राशियां।

### मेष राशि

- मेष राशि के जातकों के लिए शुक्रदेव दूसरे और सप्तम भाव के स्वामी होते हैं।
- 13 जनवरी को शुक्र के मकर राशि में गोचर करने से यह आपके दशम भाव में होंगे।
- दशम भाव में शुक्र के गोचर का विशेष प्रभाव कार्यक्षेत्र में देखने को मिलेगा। जिम्मेदारियों में इजाफा और मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
- भोग-विलासिता में वृद्धि होगी और परिवार में अच्छा समय बिताने में कामयाब होंगे।

### वृषभ राशि

- वृषभ राशि के जातकों के लिए शुक्र पहले और छठे भाव के स्वामी होते है। जो अब आपके नवम भाव में गोचर करेंगे।
- भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा जिससे आपके प्रयासों में आपको सफलता के अच्छे संकेत हैं।
- करियर के लिहाज से शुक्र का मकर राशि में गोचर लाभ दिलाएगा।
- नौकरी में प्रमोशन और वेतन में वृद्धि के योग बनेंगे। इसके साथ नई नौकरी के अच्छे प्रस्ताव आपको देखने को मिल सकते हैं।
- पिता के साथ रिश्तों में मधुरता आएगी और धार्मिक कार्यो में रुचि पैदा होगी।

### तुला राशि

- आपके लिए शुक्र चौथे भाव मे होंगे, जिससे घर में सुख-सुविधाओं की वृद्धि होगी।
- शुक्र के चतुर्थ भाव में गोचर करने से जो लोग भूमि और वाहन खरीदने की योजना बनाई है उनको सफलता मिलेगी।
- इस दौरान माता के संग मधुर संबंध और प्यार बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन का वातावरण अच्छा और सुखद रहेगा।
- घर पर मांगलिक कार्य आदि करने की योजना बनाने में आपको कामयाबी मिलेगी।

### मीन राशि

- मीन राशि के जातकों के लिए शुक्र का गोचर शुभ साबित होगा।
- आपकी राशि में शुक्र का गोचर आपकी सभी तरह की मनोकामनाओं की पूर्ति का होगा।
- आय के नए-नए स्त्रोंतो में इजाफा देखने को मिलेगा और पुराने निवेश से आपको लाभ मिलेगा।
- आपका दोस्तों से मेल-मिलाप और भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद मिलेगा।

## खबर एक नजर...

### रिमांड पर करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी

**उज्जैन।** मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप का झांसा देकर केशवनगर में रहने वाली विजया पति प्रदीप हरेल से 1.85 करोड़ की ठगी करने वाला सिंगरौली निवासी संजीव कुमार सिंह को नीलगंगा थाना पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया था। जिसे शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 20 जनवरी तक रिमांड पर लिया गया है। आरोपी ने अपने साथी निशीकांत मिश्रा निवासी मिसरोद भोपाल के साथ मिलकर रुपए ठगे थे। निशीकांत को सायबर ठगी के मामले में हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि रिमांड पर लिये गये संजीव कुमार सिंह से पूछताछ कर ठगी के रूपयों की रिकवरी करने का प्रयास किया जा रहा है। हरियाणा पुलिस की हिरासत में आये उसके साथी निशीकांत का न्यायालय से प्रोटेक्शन वारंट जारी कराकर उसे भी पूछताछ के लिये हरियाणा से उज्जैन लाया जायेगा। दोनों ने मिलकर वर्ष 2022-23 में विजया हरेल को झांसा में लिया था। मामले की शिकायत विजया हरेल ने 24 दिसंबर 2025 को दर्ज कराई थी।

### क्रेन चालक की लापरवाही से हुई थी युवक की मौत

**उज्जैन।** ग्राम गोयला बुजुर्ग में 10 जनवरी को नेपाल के रहने वाले बहादूर पिता आशाराम चौधरी 35 साल के ऊपर क्रेन का सीमेंट कांक्रीट से भरा डाला टूटकर गिर गया था। जिसके चलते उसकी मौत हो गई थी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। मृतक बहादूर का शव अंतिम संस्कार के लिये नेपाल ले जाया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक नल-जल योजना के प्लांट पर काम करने नेपाल के 70 मजदूरों के साथ आया हुआ था। काम के दौरान क्रेन चालक द्वारा मशीन को लापरवाही से आपरेट करने के दौरान डाला (बकेट) टूट गया था। उसमें क्षमता से अधिक सीमेंट कांक्रीट भरा गया था। जांच में आये तथ्यों के आधार पर पुलिस ने क्रेन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जमीन नाम नहीं करने पर बड़े भाई से की मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम पिपलिया में रहने वाले इंदुलाल पिता भागीरथ के साथ उसके छोटे भाई भरत ने जमीन नाम नहीं करने की बात पर डंडे से मारपीट की। सिर में चोंट लगने पर घायल इंदुलाल को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। घायल इंदुलाल ने बताया कि कुछ सालों पहले उसके एक भाई सीताराम का निधन हो गया था। जिसका एक पुत्र विशाल है। जिसके सिर से पिता का साया उठने पर उसे गोद ले लिया था। जिसके नाम अपनी पांच बीघा जमीन कर दी थी। उसी जमीन को छोटा भाई भरत अपने नाम कराने का दबाव बना रहा था। उसे जमीन विशाल के नाम करने की बात कहीं तो उसने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत भैरवगढ़ थाना पुलिस को दर्ज कराई गई है।

### रास्ते में पानी छोड़ने की बात पर पक्षों के बीच विवाद

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र के ग्राम झांझाखेड़ी में रहने वाले अनिल पिता रूघनाथसिंह गुर्जर और मेहरबान पिता भैरूसिंह राजपूत के बीच विवाद हो गया। दोनों के परिवार आमने-सामने हो गये। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। अनिल का आरोप था कि उसके खेत के पास आरोपियों द्वारा ईंट-भट्टे का पानी छोड़ दिया था। वहीं मेहरबान का कहना था कि उसके रास्ते पर अनिल ने खेत का पानी उनके रास्ते से निकाला और कीचड़ कर दिया था। पानी निकालने से मना किया तो गाली-गलौच कर मारपीट की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 278-7 | 680-4 |
| मेन बाजार | - | |
| मिलन डे | 239-4 | 579-1 |
| मिलन नाइट | 345-2 | 158 -4 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 |

### दर्शन के बहाने आकर उत्तरप्रदेश का बदमाश करता था चोरी

# जीआरपी ने किया गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जीआरपी ने उत्तरप्रदेश के बदमाश को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले स्टेशन परिसर से बाइक चोरी को अंजाम दिया था। उससे एक यात्री का चोरी किया गया मोबाइल भी जप्त किया गया है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में चोरी की वारदात करने वाले उत्तरप्रदेश के हमीरपुर में रहने वाले बदमाश रामजी पिता लालू गुप्ता को भोपाल आउटर के पास गिरफ्तार किया गया है। उसने कुछ दिनों पहले स्टेशन परिसर में खड़ी बाइक चोरी की थी। बाइक चोरी के बाद उसके फुटेज सामने आये थे। जिसके आधार पर तलाश जारी थी। बदमाश एक बार फिर से वारदात की नियत से आया था। जिसे टीम ने फुटेज के आधार पर पहचान पकड़ा। पूछताछ में उसने चोरी की गई बाइक लालपुल क्षेत्र में छुपाकर रखना बताई। जिसे बरामद किया गया। उसके पास से एक अन्य यात्री का चोरी किया गया मोबाइल भी मिला है। बाइक और मोबाइल बरामद होने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।



### बदमाश पर मथुरा में दर्ज है कई प्रकरण

थाना प्रभारी भावसार के अनुसार बदमाश का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर सामने आया कि उसके खिलाफ मथुरा में भी कई अपराधिक मामले दर्ज है। वह उज्जैन दर्शन के बहाने आता था और स्टेशन परिसर में वारदात को अंजाम देता था। उससे बरामद की गई बाइक और मोबाइल की कीमत 40 हजार रुपए के लगभग सामने आई है। दोनों मामलों में पूर्व में प्रकरण दर्ज किये गये थे।

### बाहरी बदमाश देते है वारदात को अंजाम

ट्रेनों और प्लेटफार्म पर यात्रियों के साथ होने वाली वारदातों में हमेशा बाहरी बदमाशों का हाथ होना सामने आता है। पूर्व में भी कई मामलों में गिरफ्तार आरोपी बाहरी होना सामने आ चुके है। चलती ट्रेनों में होने वाली पर्स, मोबाइल और कीमती सामान चोरी करने के बाद बदमाश किसी भी स्टेशन के आसपास ट्रेन की गति कम होने पर कूदकर भाग निकलते है। जिसके चलते उनका पता लगा पाना काफी मुश्किल होता है। प्लेटफार्म और परिसर में होने वाली वारदातों के साथ चोरी में मोबाइल शामिल होने पर फुटेज और लोकेशन के आधार पर उन्हे पकड़ा जाता है।

# इंदौररोड फोरलेन पर हादसे में घायल युवक की मौत



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

इंदौररोड फोरलेन पर गुरूवार-शुक्रवार रात हादसे में घायल हुए युवक की शुक्रवार दोपहर को निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि रात में इंदौररोड फोरलेन पर इंपीरियल होटल के सामने सर्विस रोड पर स्कूटी पर सवार युवक वैभव पिता सुभाष जाटवा 26 साल निवासी बागपुरा घायल हालत में मिला था। जिसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में परिजनों ने भर्ती किया था। जहां उसकी शुक्रवार दोपहर को मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वैभव सर्विस रोड से गुजर रहा था, जहां खुदाई के बड़े-बड़े पत्थर पड़े है। स्कूटी अनियंत्रित होने पर डिवाइडर से टकराई थी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मामले में जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनों पक्ष के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### महिला पर टॉमी से किया हमला

महिदपुर तहसील के किला क्षेत्र में रहने वाली अफसान बी पति साबिर खान 39 साल पर पडोसियों ने टॉमी से हमला कर दिया। बीच बचाव में अफसान का पुत्र ताहिर आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। घटनाक्रम में दोनों मां-बेटा घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये महिदपुर अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अफसान बी शिकायत पर मामला दर्ज किया है। घायल महिला के अनुसार पडोसियों ने अपने बकरा-बकरी खुले छोड़ रखे थे। जिसके चलते उनके घर के बाहर रखा कूलर गिर गया था। पडोसियों को बकरा-बकरी बांधकर रखने के लिये कहा तो उन्होने हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्जकर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### क्राइम ब्रांच की दबिश में मिले 70 हजार नगद

# हिरासत में आये 3 थाना क्षेत्र के 15 लोगों से 14 मोबाइल जप्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



**कमरे में लगी थी फड़, दांव लगा रहे थे जुआरी**

देवास रोड के एक मकान की पहली मंजिल के कमरे में फड़ लगाकर बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा था। गुरुवार-शुक्रवार रात क्राइम ब्रांच ने दबिश मारी। जारी के हाथ और जांघों के नीचे ताश के पत्ते दबे मिले। फड़ पर ७० हजार से अधिक का दांव लगा हुआ था। १५ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

नागझरी थाना क्षेत्र के देवासरोड स्थित क्षिप्रा विहार कॉलोनी की बैंड वाली गली में अब्दुल मजीद उर्फ बबलू पिता अब्दुल हकीम के मकान की पहली मंजिल पर बड़े पैमाने पर जुआ घर संचालित होने की सूचना क्राइम ब्रांच टीम को मिली थी। रात में क्राइम टीम द्वारा नागझरी थाना पुलिस के साथ मकान की घेराबंदी कर दबिश से दी गई। ऊपरी मंजिल पर कमरा अंदर से बंद था। जिसे क्राइम ब्रांच टीम ने खुलवाया तो जमीन पर फड़ लगी होना सामने आई। १५ हाथों और जांघ के नीचे ताश के पत्ते छुपाए हुए थे। फड़ पर १०० और ५०० के नोट बिखरे हुए थे। क्राइम टीम ने सभी को अपनी हिरासत में लिया और मौके से १४ मोबाइल फोन, ताश पत्ती के साथ ७० हजार ४६० रुपए की नगद राशि बरामद की। सभी को नागझिरी थाने लाया गया जहां पूछताछ में महाकाल, चिमनगंज और जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले जुआरीबइरफान पिता इकबाल खान २८ साल निवासी तोपखाना, इमरान पिता उस्मान खान ३३ साल निवासी दानीगेट, अब्बु बकर पिता अब्दुल हकीम ३० साल तोपखाना, लियाकत पिता बाबू खान ३५ साल खंदार मोहल्ला, बबलू उर्फ अब्दुल मजीद पिता अब्दुल हकीम ४५ साल मूल निवासी खंदार मोहल्ला हाल मुकाम क्षिप्रा विहार कॉलोनी, भूरा उर्फ कमर हुसैन पिता केसर हुसैन ४२ साल, निवासी जांसापुरा, आरिफ पिता अब्दुल रऊफ ४५ साल नलियाबाखल, मोहम्मद अकील पिता उमर इशाक ३८ साल आगर नाका, यादव कॉलोनी, जावेद पिता अब्दुल सलाम शेखब३२ साल खंदार मोहल्ला, मोहम्मद शादाब पिता इकबाल खान २८ साल तोपखाना, शादाब पिता शहजाद खान ३३ साल जांसापुरा, इमरान पिता अब्दुल वहीद ३८ साल अहिल्या मार्ग, महाराजवाड़ा के पास, इरशाद पिता सफदर हुसैन ४२ साल विराट नगर, इरफान पिता गामा ३६ साल ४० क्वार्टर, जांसापुरा और इकबाल पिता गफ्फार ३० साल निवासी हेलावाडी होना सामने आये। सभी आरोपियों का कृत्य सार्वजनिक धूर्त अधिनियम अधिनियम ( पब्लिक गैंबलिंग एक्ट) का होने पर प्रकरण दर्ज किया गया। नागझिरी थाना पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा की कार्रवाई की और शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया।

# कार बाजार में खड़ी कारों से बदमाशों ने चुराई बेटरियां

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कार बाजार में खड़ी कारों से गुरूवार-शुक्रवार रात बदमाशों ने कई बेटरियां चोरी की गई। बदमाश कुछ कारों से म्युजिक सिस्टम भी चुराकर ले गये है। पुलिस ने जांच के बाद देर शाम अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

आगररोड पर वाइन शॉप के सामने उज्जैन कार बाजार का संचालन खंडेलवाल नगर में रहने वाले मकसुद पिता मोहसीन खान द्वारा किया जाता है। जहां कई कारे बेचने के लिये उनके पास पहुंचती है। शुक्रवार सुबह जब कार बाजार संचालक पहुंचे तो पता चला कि कई कारों में लगी बेटरियां गायब है। कुछ कारों से म्युजिक सिस्टम भी नहीं है। चोरी को बोनट उठाकर और म्युजिक सिस्टम कार गेट का लॉक तोड़कर अंजाम दिया गया है। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि बदमाशों ने करीब 13 कारों से बेटरी, 10 कारों से म्युजिक सिस्टम चोरी किया है। कार बाजार संचालक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।



- **बोनट खुलता और दिखाई दी परछाई-** बताया जा रहा है कि पुलिस ने कार बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया है। जिसमें 2 कैमरे टूटे होना पाये गये। जिन्हे बदमाशों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। वहीं अन्य कैमरे के फुटेज देखने पर सामने आया कि बदमाश दिखाई नहीं दे रहे है। सिर्फ परछाई दिखाई दे रही है और कारों का बोनट खुलता दिखाई दे रहा है। आसपास मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।
- **बदमाशों के कार से आने की आशंका-** उज्जैन कार बाजार में हुई बेटरी और म्युजिक सिस्टम चोरी करने वाले बदमाश कार से आये थे। जिनकी संख्या 3 से 4 हो सकती है। पुलिस को आसपास के फुटेज देखने पर एक संदिग्ध अर्टिका कार दिखाई दी है। जिसका नम्बर ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को आशंका है बदमाश कार से आये थे।
- **पिछले वर्ष पकड़ाई थी बेटरी चोरी गैंग-** पिछले साल शहर के हर थाने में ई-रिक्शा में लगी बेटरी चोरी करने वाली गैंग सक्रिय हुई थी। जो कार से आकर रिक्शा में लगी बेटरी चोरी करती थी। गैंग की तलाश में पूरे शहर की पुलिस लगी थी। अप्रैल 2025 में गैंग के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। जिनसे दर्जनों बेटरियां बरामद की गई थी। उक्त गैंग का एक बदमाश अब भी फरार चल रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com